

प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

देव दिवाली आज



समाचार ही नहीं, विचार भी

नई दिल्ली, बुधवार 5 नवंबर 2025 ■ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ■ वर्ष : 29, अंक : 202 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 ■ मौसम अधि. 30 न्यून. 19 haribhoomi.com


पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर जिलों में मतदान होगा

# बिहार: पहले चरण के तहत 121 सीटों पर मतदान कल, एनडीए और महागठबंधन में तगड़ा मुकाबला

तेजस्वी यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, लोकगायिका मैथिली ठाकुर, भोजपुरी फिल्म स्टार खेसारी लाल यादव, जनशक्ति जनता दल के तेज प्रताप यादव, जनता दल (यूनाइटेड) प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और भोला यादव उम्मीदवारों में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार मंगलवार को समाप्त हो गया। बृहस्पतिवार 6 नवंबर को 121 सीटों पर 3 करोड़ 75 लाख मतदाता मतदान करेंगे।

पहले चरण में तेजस्वी यादव व 16 मंत्रियों सहित कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर है। यह चरण गठबंधनों की सत्ता की दिशा तय करेगा। विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा और वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। पहले चरण में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से पिछले चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 60 सीटें जीती थीं, जबकि महागठबंधन ने 61 सीटें जीती थीं। इस तरह पहले चरण में दोनों गठबंधनों के बीच कड़ा मुकाबला होगा। एनडीए के लिए इस चरण में बढ़त हासिल करना एक बड़ी चुनौती है। ⏩ शेष पेज 7 पर



मिथिलांचल के एक घर में अमित शाह ने भोजन किया

### पहले चरण में 16 मंत्रियों का भविष्य दांव पर

भाजपा कोटे से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे (सीवान), बांकीपुर से नितिन नवीन, तारापुर से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लखीसराय से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, दरभंगा के जाले से नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा, दरभंगा शहरी से राजस्व मंत्री संजय सरावगी, कुढ़नी से पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, साहेबगंज से पर्यटन मंत्री राजू कुमार, अमनौर से सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, बिहारशरीफ से पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार और बछवाड़ा से खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता चुनाव मैदान में हैं। वहीं, जद(यू) के पांच मंत्रियों में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी (सराय रंजन), नालंदा से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, बहादुरपुर से समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, कल्याणपुर से सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी और सोनबरसा से मंत्री रत्नेश सदा शामिल हैं।

हवाई यात्रियों के लिए अच्छी खबर: डीजीसीए के नए नियम देंगे यात्रियों को राहत

# टिकट में गलती पर नहीं लगेगा चार्ज 48 घंटे में सुधार व 21 दिन में रिफंड

एविएशन रेग्युलेटर ने टिकट कैंसिलेशन और रिफंड को लेकर एक प्रस्ताव रखा



फाइल फोटो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगर आप हवाई यात्रा करते हैं, तो फिर ये खबर आपके लिए खास और खुश करने वाली है। दरअसल, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) कुछ नियमों में बदलाव करने की तैयारी में है और इसका प्रस्ताव भी रखा है। इन बड़े बदलावों के तहत अब हवाई यात्री को जल्द ही अपनी बुकिंग के 48 घंटे के अंदर टिकट कैंसिल कराने की या फिर इसे बदलवाने की सुविधा मिल सकती है और वो भी बिना ⏩ शेष पेज 7 पर

### डीजीसीए ने ये शर्तें भी रखीं

एविएशन रेग्युलेटर ने जहां फ्री टिकट कैंसिलेशन और रिफंड का जो प्रस्ताव रखा है, वो सभी एयरलाइनों के लिए होगा, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। जैसे घरेलू उड़ानों के लिए, प्रस्थान बुकिंग के समय से कम से कम 5 दिन पहले होना चाहिए, जबकि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए यह समय सीमा 15 दिन की है। इसके बाद तय कैंसिलेशन चार्ज लागू होगा। इससे जल्दी की यात्रा पर ये नियम लागू नहीं होगा।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन गेमिंग कानून पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी कर एक पीआईएल पर उसका जवाब मांगा है। इसमें केंद्र



को ऑनलाइन गैंबलिंग और बेटिंग प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने का निर्देश देने की मांग की गई है, जो कथित तौर पर सोशल और ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में चल रहे हैं। यह वे ऐप्स हैं जो खुद को ई-स्पोर्ट्स या सोशल गेम्स बताकर असल में गैम्बलिंग का धंधा चला रहे हैं।

### भारत की 7 यूनिवर्सिटी ने बनाई टॉप 100 में जगह

**नई दिल्ली।** क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 की सूची में भारत से आईआईटी दिल्ली को



टॉप पोजिशन ही मिली है। इस साल कुल 294 भारतीय संस्थान इस रैंकिंग में शामिल हुए हैं, जिनमें 7 विश्वविद्यालय टॉप 100 में शामिल हैं, जबकि टॉप 200 में 20 संस्थान शामिल हैं। आईआईटी संस्थानों के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

### तिरुमला मंदिर को दान किया 30 लाख का बर्तन

**तिरुपति।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने बताया कि हैदराबाद के एक श्रद्धालु ने भगवान



वेंकटेश्वर स्वामी को चांदी का एक बड़ा बर्तन (गंगालम) अर्पित किया है। 22 किलोग्राम वजनी और 30 लाख मूल्य का गंगालम जे श्रीनिवासुलु रेड्डी द्वारा दान किया गया था। रेड्डी ने श्रीवारी मंदिर के सामने मंदिर के अधिकारियों को चांदी का गंगालम सौंपा।

**एसआईआर 2.0** देश के 12 राज्यों में वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण शुरू, 51 करोड़ मतदाता होंगे शामिल

# केरल, तमिलनाडु में सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक विरोध, ममता का बड़ा मार्च



फाइल फोटो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार से नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा फेज़ शुरू कर दिया है। यह वोटर लिस्ट को साफ करने की एक मुहिम है। यह कदम बिहार में विधानसभा चुनावों के पहले फेज़ से दो दिन पहले उठाया गया है, जहां चुनावी प्रक्रिया हुई थी और वेरिफिकेशन के बाद 68 लाख से ज़्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए थे।

इस अभियान में तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के लगभग 51 करोड़ वोटर शामिल होंगे। इनमें से तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। एसआईआर 2.0 के तहत एन्यूमरेशन का स्टेज शुरू हो रहा है और 4 दिसंबर तक चलेगा।

### अलग-अलग राज्यों में शुरू हुआ प्रोसेस

उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से जानकारी सामने आई है कि वेरिफिकेशन प्रोसेस शुरू हो चुका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को वोटर लिस्ट में सुधार करने के मकसद से उत्तर प्रदेश में एसआईआर एक्सरसाइज शुरू कर दी है। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बीएलओ ने घर-घर जाकर गिनती का काम शुरू किया है। यह स्टेप सिर्फ़ उन वोटर्स पर लागू होता है, जो पिछले एसआईआर की किसी भी ⏩ शेष पेज 7 पर

*चुनाव आयोग ने बताया कि एसआईआर प्रोसेस 'शुद्ध निर्वाचक नामावली- मजबूत लोकतंत्र' थीम के तहत शुरू किया गया है*

### इन राज्यों में एसआईआर

अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल



सीएम ममता बेनर्जी ने कोलकाता की सड़कों पर बड़ा मार्च निकाला

» *5.33 लाख बीएलओ और 7 लाख से ज्यादा बीएलए राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे*

» *9 दिसंबर को ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल जारी होगा, फाइनल इलेक्टोरल रोल 7 फरवरी 2026 को जारी होगा*

» *तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं*

### सुनवाई और वेरिफिकेशन 31 जनवरी, 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे

इलेक्शन कमीशन 9 दिसंबर को ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल जारी करेगा और फाइनल इलेक्टोरल रोल 7 फरवरी, 2026 को पब्लिश किए जाएंगे। नागरिक 9 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच क्लेम और ऑब्जेक्शन फाइल कर सकते हैं, जिसके बाद सुनवाई और वेरिफिकेशन 31 जनवरी, 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे। इस शुद्धिकरण का केरल, तमिलनाडु और पं. बंगाल में विरोध शुरु हो गया है। सीएम ममता बेनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता की सड़कों पर बड़ा मार्च निकाला। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाली प्रवासियों को बांग्लादेशी बताकर बंगाल के खिलाफ झूठी खबरें फैला रही है। भाजपा एसआईआर से बंगाल में मतदाताओं को डराने की कोशिश कर रही है। मतदाता सूचियों का यह विशेष गहन पुनरीक्षण भाजपा का एक हथकंडा है। बंगाल के साथ-साथ तमिलनाडु भी एसआईआर के विरोध में है। डीएमके ने एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम का दरवाजा खटखटाया है। स्टालिन का आरोप है कि इस प्रक्रिया का मकसद असली वोटर्स को हटाना है, खासकर वह वोटर्स, जो भाजपा का विरोध करने वाले माने जाते हैं। डीएमके ने 27 अक्तूबर 2025 को चुनाव आयोग द्वारा नोटिफिकेशन को रद्द करने की मांग की है।

कहा, पुनरीक्षण अभियान भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत से चलाया जा रहा

# एसआईआर के खिलाफ सड़क पर उतरी ममता, भाजपा ने इसे जमात की रैली बताया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को कोलकाता की सड़कों पर उतरकर विरोध मार्च निकाला, जबकि भाजपा ने इसे जमात की रैली करार दिया। मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ एक विशाल रैली निकालते हुए ममता ने आरोप लगाया कि यह पुनरीक्षण अभियान भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत से चलाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा, अगर ममता जी को कुछ कहना है, तो उन्हें सर्वोच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाना होगा। पश्चिम बंगाल में पूरी तरह अराजकता है और कानून-व्यवस्था का पूरी तरह से अभाव है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ शहर के बीचों-बीच हज़ारों समर्थकों के साथ निकलीं। 3.8 किलोमीटर लंबा यह मार्च रेड रोड स्थित बीआर अंबेडकर की प्रतिमा से शुरू होकर रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक निवास, जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी तक गया, जहाँ इसका समापन होना हुआ।

रास्ते में सड़कें टीएमसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भरी हुई थीं, जो पार्टी के झंडे लहरा रहे थे, नारे लगा रहे थे और एसआईआर प्रक्रिया की निंदा करते हुए चमकीले तख्तियाँ लिए हुए थे। अपनी जानी-पहचानी सफ़ेद सूती साड़ी और चप्पल पहने, मुख्यमंत्री जुलूस में सबसे आगे चल रही थीं, और बीच-बीच में रुककर उन निवासियों का अभिवादन कर रही थीं जो बालकनी से बाहर निकलकर या सड़क किनारे खड़े होकर उनकी एक झलक पाने की कोशिश कर रहे थे। अभिषेक बनर्जी उनके ठीक पीछे चल रहे थे और वरिष्ठ मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ जयकार कर रही भीड़ का अभिवादन कर रहे थे।

उधर, भाजपा ने ममता बनर्जी के विरोध मार्च पर आपत्ति जताते हुए इसे जमात की रैली करार दिया। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार के मार्च को जमात की रैली बताया और दावा किया कि यह भारतीय संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है।

दुबई से प्रत्यर्पण में अब तक फेल रहे ईडी, सीबीआई

# महादेव ऑनलाइन का को-फाउंडर आरोपी उप्पल दुबई से हुआ 'फुर्र'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के सह-संस्थापक रवि उप्पल दुबई से रफूचक्कर हो गया है। कहाँ फुर्र हो गया, उसे ढूँढ रही सीबीआई और ईडी सहित अन्य एजेंसियों को भी नहीं पता। आरोप है कि रवि उप्पल अपने साथी सौरभ चंद्राकर के साथ मिलकर छह हजारों करोड़ रुपये के अवैध सट्टेबाजी साम्राज्य का निर्माण किया था। चंद्राकर को पिछले साल अक्टूबर में दुबई में हाउस अरेस्ट रखा था। तब से अब तक एक साल के बाद भी उसके भारत प्रत्यर्पण की औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाई। जबकि दुबई उन 50 देशों में शुमार है जिनके साथ भारत का प्रत्यर्पण समझौता है। सूत्रों में बताया की ⏩ शेष पेज 7 पर




को-फाउंडर रवि उप्पल

संसद में विधेयक पेश कर कनाडाई अथॉरिटी ने मांगा किसी भी अस्थायी वीजा को रद्द करने का अधिकार

# कनाडा के वीजा नियमों में बदलाव का भारत पर पड़ेगा बड़ा असर!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की नई सरकार के गठन के बाद से भारत और कनाडा के द्विपक्षीय संबंधों में पुनः सुधार की कुछ उम्मीद जगी थी। जिसे ओटावा की संसद में हालिया पेश किए गए एक विधेयक ने फिलहाल धूमिल सा कर दिया है। क्योंकि अगर इसे संसदीय मंजूरी मिल जाती है तो फिर उसके बाद कनाडाई अथॉरिटी को कभी भी किसी के अस्थायी वीजा को रद्द करने या उसे दोबारा से जारी न करने का अधिकार मिल जाएगा। कनाडा द्वारा की जा रही वीजा नियमों में संशोधन की इस प्रक्रिया का भारत पर ⏩ शेष पेज 7 पर




फाइल फोटो

# बिलासपुर में खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन



रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान किया

### 7 यात्रियों की मौत, 15 घायल, रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप

*बिलासपुर। मंगलवार को यहां कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हुई। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 7 लोगों की मौत की पुष्टि की है, 2 लोग बोगी के अंदर फंसे थे, उन्हें निकाल लिया गया। वहीं 15 लोग घायल हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। हादसा गटौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुआ है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें* ⏩ शेष पेज 7 पर

गोपीचंद की कुल संपत्ति 37.2 अरब पाउंड

# हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद का लंदन में निधन, वे 85 वर्ष के थे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद परमानंद हिंदुजा का लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। व्यापारिक जगत में जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद पी. हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से बीमार थे। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद अध्यक्ष का पद संभाला था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज और पुत्री रीता हैं। आजादी के पहले अपना कारोबारी सफर शुरू करने वाले हिंदुजा परिवार में जन्मे गोपीचंद हिंदुजा 1959 में मुंबई में अपने पारिवारिक उद्यम में शामिल हुए। बीते कई दशकों में उन्होंने हिंदुजा समूह को एक पारंपरिक व्यापारिक संचालन से बैंकिंग, वित्त, ऊर्जा, मोटर वाहन, मीडिया और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक वैश्विक औद्योगिक महाशक्ति बनाने में मदद की। उनके नेतृत्व में समूह ने अपने कुछ सबसे महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए। इनमें 1984 ⏩ शेष पेज 7 पर



गोपीचंद परमानंद हिंदुजा

**उनके नेतृत्व में समूह ने अपने कुछ सबसे महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए इनमें से एक अशोक लीलैंड**

राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले नौसेनाप्रमुख

नौसेना के पास 145 युद्धपोत और पनडुब्बियां

# हर 40 दिन में नौसेना में शामिल होता एक नया युद्धपोत और पनडुब्बी: एडमिरल त्रिपाठी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को करारा सबक सिखाने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान का पार्ट-1 खत्म हुए पांच महीने हो चुके हैं। लेकिन इसमें बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए गए स्वदेशी हथियारों की मारक क्षमता को भारत समेत पूरी दुनिया ने अपनी आंखों से देखा है।

अब इन्हीं घरेलू या स्वदेशी सैन्य सामग्री के जखीरे को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में भारतीय नौसेना तेजी से आगे बढ़ रही है। मंगलवार को नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के. त्रिपाठी ने भी पुरजोर अंदाज में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि नौसेना के जंगी बेड़े में औसतन हर 40 दिन में एक नया स्वदेशी युद्धपोत और पनडुब्बी शामिल ⏩ शेष पेज 7 पर

### नौसेना के लिए आत्मनिर्भरता का सार



उन्होंने कहा, नौसेना के लिए आत्मनिर्भरता रणनीतिक अनिवार्यता के साथ-साथ भविष्य के आश्वासन के लिए किया गया निवेश भी है। वर्तमान में हम 145 युद्धपोतों और पनडुब्बियों का समुद्र में सफलता के साथ संचालन कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही युद्धपोत निर्माण से अपने कदम आगे बढ़ाते हुए हमारा उद्देश्य बड़े डिजाइन और सॉफ्टवेयर के स्तर पर आत्मनिर्भरता तक पहुंचने का है। जिससे नौसेना वर्ष 2047 तक हर हाल में पूरी तरह से एक आत्मनिर्भर समुद्री बल बन जाए। आधुनिक समुद्री शक्ति को तीन कारकों से ऊर्जा मिलती है। जिसमें आत्मनिर्भरता तो है ही। उसके साथ ही तालमेल और सुरक्षा भी इसमें शामिल हैं।

### ट्रस्ट इन इंडिया की ओर बढ़ रहे

उन्होंने ये भी कहा कि आज आत्मनिर्भरता के मामले में भारत का दृष्टिकोण मेक इन इंडिया से भारत पर भरोसा करने यानी ट्रस्ट इन इंडिया की ओर आगे बढ़ रहा है। वहीं, रक्षा उत्पादन की बात करें तो वह बीते दशक में तीन गुना से अधिक और पिछले साल 1.5 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। भावी सुरक्षा चुनौतियों से दो-दो हाथ करने के लिए नौसेनाप्रमुख ने स्थानीय रक्षा क्षमताओं की आवश्यकताओं पर जोर दिया है। स्वदेशी की ये ताकत युद्धक्षेत्रों से कहीं आगे तक फैली हुई है। अब औद्योगिक इकोसिस्टम नवाचार श्रृंखलाओं और सूचना नेटवर्कों से जुड़ा हुआ है। जिसे देखते हुए ये कहा जा सकता है कि सेमीकंडक्टर, पनडुब्बी जितने ही निर्णायक साबित हो सकते हैं। इसलिए सुरक्षित समुद्री मार्ग के साथ सुरक्षित संपर्क भी खासी अहमियत रखता है।

### कारतूस के साथ दो देसी पिस्तौल बरामद

# काला जठेड़ी-ओम प्रकाश गिरोह के दो सदस्य चढ़े हत्थे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने काला जठेड़ी-ओम प्रकाश गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से दो देसी पिस्तौल बरामद की हैं जिनमें कारतूस थे। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के साथ लक्षित हत्या के प्रयास को नाकाम करने का दावा किया है। आरोपियों



की पहचान विनोद (27) और ध्रुव (19) के रूप में हुई है, जो दिल्ली के झारोदा कलां के निवासी हैं। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा कि दोनों गैंगस्टर ओम प्रकाश उर्फ काला के निर्देश पर काम कर रहे थे, जो वर्तमान में मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम) मामले में न्यायिक हिरासत में है और काला जठेड़ी-सचिन उर्फ भांजा गिरोह का प्रमुख सदस्य है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के बारे में सूचना मिली थी कि वे किसी अपराध को अंजाम देने की फिराक में हैं, तभी पुलिस दल ने उन्हें रोक लिया। उनकी गिरफ्तारी से हिंसा की एक संभावित घटना टल गई है।

अधिकारी ने बताया कि एक गोपनीय सूचना के अनुसार, ओम प्रकाश का एक करीबी सहयोगी अवैध हथियारों के साथ झारोदा इलाके में घूम रहा था। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए दल मौके पर पहुंचा और दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दो देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान, विनोद और ध्रुव ने कथित तौर पर कबूल किया कि उनकी अपने गांव के एक व्यक्ति से दुश्मनी थी और उन्होंने उसे खत्म करने के लिए ओम प्रकाश से मदद मांगी थी।

पुलिस ने बताया कि विनोद एक आदतन अपराधी है और पहले भी हथियारों से जुड़े अपराधों में शामिल रहा है, जबकि ध्रुव पर भी दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले की जांच जारी है।

## राष्ट्रीय गीत की वर्षगांठ पर दिल्ली विधानसभा में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ 7 नवम्बर को दिल्ली विधानसभा परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता एक स्मृति पट्टिका का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम में साहित्य कला परिषद के कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं इस अवसर पर शाम के समय दिल्ली विधानसभा भवन को तिरंगा के रंगों में आलोकित किया जाएगा। बता दें कि 'वंदे मातरम्' का सृजन 1875 में बंकिम चन्द्र चटर्जी ने किया था।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा का अमर गीत है। दिल्ली विधानसभा इस राष्ट्रीय धरोहर के 150 वर्षों का गौरवपूर्ण उत्सव मनाने पर गर्व का अनुभव करती है। यह अवसर हमें उन आदर्शों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर प्रदान करता है, जिनसे हमारे राष्ट्र का निर्माण हुआ।

# जाली नोटों की छपाई व सप्लाई में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ अपराध शाखा ने तीन लोग किये गिरफ्तार

अपराध शाखा ने जाली नोट छापने और बाजार में चलाने में लिप्त एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 3,24,000 रुपये के जाली नोट बरामद हुये हैं। नकली नोट 20 रुपये से लेकर 500 रुपये तक के हैं। ज्वाइंट सीपी सुरेन्द्र कुमार ने एक प्रैसवार्ता में बताया कि एक आरोपी की पहचान विवेक मौर्य के रूप में हुई है, जो पिछले पांच-छह वर्षों से जाली नोटों की छपाई कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार अन्य आरोपियों में गिरोह का सरगना और मौर्य का मददगार रवि अरोड़ा तथा गिरोह का मुख्य कर्ताधर्ता राकेश अरोड़ा शामिल हैं। राकेश जाली नोट के बदले असली नोट की आपूर्ति करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 500, 100, 50 और 20 रुपये के जाली नोट बरामद हुए, जिनका मूल्य 3,24,000 रुपये है। आरोपियों ने अप्रैल में जाली नोट की छपाई का काम शुरू किया था और वे त्योहारों के मौसम में अधिक छपाई करते थे। इनका इस्तेमाल शराब खरीदने के लिए भी किया जाता था। रवि और मौर्य जेल में रहने के दौरान संपर्क में आए थे। रवि अप्रैल में जमानत पर रिहा हुआ था।

## बाटला हाउस स्थित रिहायशी इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बाटला हाउस इलाके में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, इमारत की एक मंजिल पर आग लगने की सूचना दोपहर 2.50 बजे मिली। एक अधिकारी ने कहा कि हमने छह दमकल वाहनों को घटनास्थल पर भेजा और शाम 4.50 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

## बाल तस्करी मामला : हाईकोर्ट ने दो महिलाओं की जमानत की रद्द

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह में कथित रूप से शामिल दो महिलाओं को दी गई जमानत रद्द कर दी है और कहा है कि नवजात शिशुओं से जुड़े अपराध की गंभीरता और प्रकृति उच्चतम स्तर की न्यायिक जांच की मांग करती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि कथित अपराध कोई अलग-थलग मामला नहीं था, बल्कि बाल तस्करी का एक सुनियोजित, लाभ से प्रेरित सिंडिकेट था और जांच से पता चला कि कई राज्यों में आपूर्तिकर्ताओं, कूरियर और प्राप्तकर्ताओं को जोड़ने वाली एक सुगठित श्रृंखला थी। न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल ने मामले में आरोपी पूजा और बिमला को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि सत्र अदालत ने अपराध की प्रकृति और गंभीरता तथा जनहित और न्याय प्रशासन पर इसके व्यापक प्रभाव पर पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया। उच्च न्यायालय ने कहा कि सत्र न्यायालय ने अपराध के तरीके, गवाहों को प्रभावित करने की आशंका और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की संभावना पर विचार नहीं किया। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह भी महत्वपूर्ण है कि दोनों प्रतिवादी (पूजा और बिमला) कथित तौर पर आदतन अपराधी हैं और इस अवैध व्यापार में कई बार शामिल रही हैं, तथा उन्होंने सिंडिकेट के अन्य सदस्यों के साथ पहले से ही संपर्क स्थापित कर लिया है।

## मोती नगर फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति मृत मिला

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में मोती नगर फ्लाईओवर के पास मंगलवार को 54 वर्षीय एक व्यक्ति मृत मिला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस का कहना है कि शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं। पीएम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। सभी कोणों से पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस नियंत्रण कक्ष पीसीआर को मंगलवार सुबह करीब सवा सात बजे घटना की सूचना मिली। फोन करने वाले ने बताया कि नजफगढ़ रोड पर एक लाश पड़ी है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और फुटपाथ पर एक आदमी की लाश पड़ी हुई देखी। मृतक के शरीर पर कुछ जख्म साफ दिख रहे थे। बाद में मृतक की पहचान रामकरण (54) के रूप में हुई है। उसके पेट और माथे पर चोट लगी थी। आसपास मृतक का निजी सामान बिखरा हुआ था। पुलिस ने बताया कि अपराध तथा फोरेंसिक टीमों को जांच के लिए बुलाया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। मौत की सही वजह का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा। दुर्घटना और किसी साजिश समेत सभी संभावित कोणों से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

# हत्या के आरोप में दो आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ समयपुर बादली में की थी एक व्यक्ति की हत्या

बाहरी उत्तरी जिले की पुलिस ने समयपुर बादली इलाके में हिंसक झड़प के दौरान 25 वर्षीय एक व्यक्ति की पत्थरों से हमला कर हत्या करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मनीष उर्फ बाबू (22) और सुमित (23) को सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार इस घटना के पीड़ित का नाम भी मनीष था जो



रविवार रात करीब 10 बजे संतोष कुमार श्रीवास्तव (40) के साथ आरोपी मनीष से मिलने गया था। आरोपी ने उसे कथित तौर पर धमकी दी थी। इलाके में एक अंडरपास के पास थोड़ी बहस के बाद मुख्य आरोपी के साथ दो अन्य हमलावर भी शामिल हो गए। सभी ने पीड़ित को गालियां देनी शुरू कर दीं और बहस जल्द ही हिंसक हो गई। हमलावरों द्वारा संतोष और मनीष पर पत्थरों से हमला किया गया, जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया था। जब संतोष को होश आया तो उसने मनीष को बेहोश पड़ा पाया। उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि संतोष की शिकायत पर सोमवार को हत्या का मामला दर्ज किया गया और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसके बाद दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया।

तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। पूछताछ के दौरान दोनों ने घातक हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। हमलावर मनीष पहले भी हत्या के एक अन्य मामले में शामिल रहा है।

# सड़क हादसे की 'कॉल' ने खोला चोरी का राज, तीन धरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


कापसहेड़ा में सड़क दुर्घटना की जांच ने तीन चोरों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। दरअसल जिस समय एक व्यक्ति थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करा रहा था तभी चोर भी सड़क दुर्घटना के सिलसिले में थाने में अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि दो को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया जबकि एक को बाद में पकड़ा गया। इनसे चोरी का सामान भी बरामद हो गया। इनके नाम रोहित रविदास, करमजीत और पंकज बताये गये।

पुलिस के अनुसार बुधवार को कापसहेड़ा के समीप एक स्कूटर और एक कार के बीच टक्कर के बारे में पुलिस को रात करीब आठ बजकर 13 मिनट पर सूचना मिली। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि स्कूटर पर सवार दो लोग काफी घबराए हुए थे और मामले को जल्दी से निपटाने के लिए आतुर थे। सोनिया गांधी कैंप निवासी रोहित रविदास (25) और करमजीत (28) नामक दोनों व्यक्तियों पर तब और संदेह पैदा हो गया जब उनमें से एक के पास मोबाइल फोन मिला जिसे वह 'अनलॉक' नहीं कर पा रहा था। पुलिस ने जब उनसे कुछ तीखे सवाल पूछे तो दुर्घटना का यह मामला अपराध की जांच में बदल गया। पुलिस ने कहा कि कड़ी पूछताछ के दौरान इन लोगों ने उसी दिन तड़के कापसहेड़ा की गोपालजी कॉलोनी में एक घर में चोरी करने की बात कबूल की। उन्होंने लाल चंद नाम के एक व्यक्ति से एक बैग और तीन मोबाइल फोन चुराने का जुर्म भी कबूल किया।

उनकी निशानदेही पर शिकायतकर्ता का चोरी हुआ बैग बरामद कर लिया गया और पुलिस ने जल्द ही सोनिया गांधी कैंप निवासी उनके साथी पंकज (33) को भी पकड़ लिया। उसके पास से एक और चोरी का मोबाइल फोन मिला, जो दोनों ने उसे बेचा था। पुलिस ने बताया कि रोहित और करमजीत आदतन अपराधी हैं और घरों में चोरी करते हैं और लूट का माल पंकज को देते हैं, जो उसे बेचकर पैसे बांट लेता है। चोरी किए गए मोबाइल फोन में से एक पहले ही बिक चुका है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि रोहित पहले भी चार मामलों में शामिल रहा है, जबकि पंकज पर भी पहले से दो मामले दर्ज हैं।

## धौला कुआं इलाके में डीटीसी बस में लगी आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के धौला कुआं इलाके में मंगलवार सुबह दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक बस में आग लग गई।



दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 11.53 बजे एक व्यक्ति ने बस के टायर में आग लगने की सूचना दी। इसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और दोपहर 12.35 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

# शाहदरा में मकान पर गोलीबारी कर मांगी 30 लाख की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ हमलावरों की पहचान में जुटी पुलिस

पूर्वी दिल्ली के शाहदरा स्थित बिहारी कॉलोनी इलाके में एक बहुमंजिला मकान पर कथित तौर पर हाशिम बाबा गिरोह के तीन बदमाशों ने गोलीबारी की और 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात की है और भागने से पहले बदमाशों ने रंगदारी मांगने के संबंध में एक नोट भी छोड़ा।

गोलीबारी में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें तीन बदमाश गली में घुसते और गोली चलाते दिख रहे हैं, जिसके बाद उनकी पिस्तौल जाम हो गई। फुटेज में दो बदमाश हेलमेट पहने हुए दिख रहे हैं जबकि एक ने कपड़े से अपना चेहरा ढका हुआ था। पुलिस के अनुसार दो राउंड गोलीबारी के बाद उनकी पिस्तौल जाम हो गई।

हमलावरों ने घर के सामने रंगदारी के संबंध में एक नोट फेंका और भाग गए। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस घटना के सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। मकान में अपने परिवार के साथ रहने वाले पुनीत अरोड़ा ने बताया कि दो नवंबर को उनके बड़े भाई बंटी को हाशिम बाबा गिरोह के बदमाश गोलू की ओर से फोन करके रंगदारी मांगी गई थी।

अरोड़ा ने बताया कि हमें लगा कि किसी ने हमारे साथ मजाक किया है, इसलिए हमने उस दिन पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। उसी रात तीन लोगों ने हमारे घर के सामने गोलीबारी की। उन्होंने पर्ची फेंकी जिसमें 30 लाख रुपये की मांग थी।

## श्रीलंकाई सिविल सेवकों के प्रतिनिधिमंडल ने एनडीएमसी का किया दौरा

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के वरिष्ठ सिविल सेवकों के एक 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार "स्वच्छ शहर - बेहतर भविष्य" विषय पर विचारों के साझाकरण संवाद में भाग लेने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) का दौरा किया। यह दौरा श्रीलंकाई सिविल सेवकों के लिए शहरी परिवर्तन पर 13वें क्षमता निर्माण कार्यक्रम का एक हिस्सा था, जो 27 अक्टूबर से 7 नवंबर, 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन एनडीएमसी ने राष्ट्रीय सुशासन केंद्र के सहयोग से किया था। एनडीएमसी प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार इस सत्र के दौरान, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने सतत शहरी विकास और आधुनिक नागरिक सुशासन के प्रति एनडीएमसी के एकीकृत दृष्टिकोण पर एक व्यावहारिक विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने उन प्रमुख पहलों का प्रदर्शन किया, जिन्होंने नई दिल्ली को देश के सबसे स्वच्छ, हरित और नागरिक-हितैषी राजधानी शहरों में से एक बनाया है। वहीं, श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल ने एनडीएमसी के अनुकरणीय शहरी प्रबंधन मॉडल की सराहना की और श्रीलंका की शहरी विकास रणनीतियों में इसी तरह की पहलों को अपनाने के अवसरों की तलाश की।

### 24 लीगल उत्तराधिकारियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

# दिल्ली सरकार ने सेवाकाल के दौरान मृतक आश्रितों को दी नौकरियां : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने सेवाकाल के दौरान मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने के प्रक्रिया को 11 साल बाद दोबारा शुरू करते हुए मंगलवार को 24 आश्रितों को नौकरी प्रदान की है। दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मृतक कर्मचारियों के 24 लीगल उत्तराधिकारियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपे हैं।

इस अवसर पर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा जैसे ही हमने मुख्यमंत्री को बताया कि मृतक आश्रित परिवारों के लिए रखी गई नौकरियां पिछले 11 सालों से



खाली हैं और एक भी नियुक्ति नहीं हुई है, उन्होंने तुरंत इसका संज्ञान लिया और निर्देश दिए कि इन पदों को जल्द भरा जाए। यह बहुत पीड़ा की बात है जब किसी घर में कमाने वाला व्यक्ति नहीं रहता और परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हमारी सरकार ऐसे परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। हमें यह देखना है कि उन्हें राहत मिले, ना कि दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ें। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम पिछली सरकारों की गलतियों को एक-एक कर सुधार रहे हैं। इस पहल के लिए मैं उनका विशेष धन्यवाद करता हूं। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम मेरे लिए भी बहुत भावनात्मक पल है। कार्यक्रम में डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। जिन पदों पर नियुक्तियां दी गईं, उनमें एमटीएस के 11 पद, असिस्टेंट ग्रेड–तीन के 7 पद, अकाउंट्स असिस्टेंट के 5 पद और जूनियर स्टेनोग्राफर अंग्रेजी का एक पद शामिल हैं। नए कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मंत्री सिरसा ने कहा कि आपको दिल्ली के लोगों की सेवा करने का मौका मिला है। मुझे विश्वास है कि आप पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे और आपके आने से विभाग का उत्साह और बढ़ेगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह पहल दिल्ली सरकार की उस सोच को दिखाती है जिसमें जनता सबसे पहले है। सरकार हर कठिन समय में अपने नागरिकों के साथ खड़ी है और यही हमारी प्रतिबद्धता है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष** पुत्र सतीश कुमार निवासी 11062, गली धर्म कांटे वाली, मोतिया खान, पहाड़गंज, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 498/2024 धारा 318(4), 319(2), 61(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशीष** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आशीष** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 498/2024 धारा 318(4), 319(2), 61(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आशीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **16.12.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री श्रिया अग्रवाल,**
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी,**
**26, भूतल, एनेक्सी बिल्डिंग,**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/14800/Spl. Cell/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CRPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन कुमार उर्फ सम्मी पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी** सी–103, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली ने **FIR No. 821/16, U/S 380/411 IPC, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन कुमार उर्फ सम्मी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन कुमार उर्फ सम्मी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 821/16, U/S 380/411 IPC, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर के उक्त अभियुक्त **पवन कुमार उर्फ सम्मी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रीतिका जैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,**
**कोर्ट नं0 105, उत्तर–पूर्वी जिला,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/14902/OD/2025
(Court Matter)




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | संकेत एवं दूरसंचार (S&T) कार्य, लो हाइट सबवे (LHS) के निर्माण द्वारा 10 समपार फाटकों (LC gates) के एलिमिनेशन (elimination) के संबंध में, (1) लेवल क्रॉसिंग संख्या (LC no.) 186 कि.मी. (km) 221/9–10 पर, (2) लेवल क्रॉसिंग संख्या 204 कि.मी. 243/1–3 पर, (3) लेवल क्रॉसिंग संख्या 174 कि.मी. 205/13–15 पर, (4) 180 कि.मी. 212/19–21 पर, (5) लेवल क्रॉसिंग संख्या 230 कि.मी. 278/7–8 पर, (6) लेवल क्रॉसिंग संख्या 197 कि.मी. 232/8–6 पर, (7) 152 कि.मी. 175/9–10 पर, (8) एल.सी.–165 (LC–165) कि.मी. 191/17–19 पर, (9) 169 कि.मी. 199/17–19 पर, (10) 148 कि.मी. 171/7–8 पर, दिल्ली मंडल (Delhi division) के डी.एल.आई.–बी.टी.आई. खंड (DLI-BTI section) पर। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 68,37,442.96/– |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 1,36,800.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 04.11.2025/निविदा खुलने का दिनांक 26.11.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1461 दिनांकः 04.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3418/25


GOVT. OF PUNJAB
पंजाब सरकार
द्वारा
मुख्यमंत्री
स. भगवंत सिंह मान
के नेतृत्व में
आप सभी को
मानवता के कल्याण हेतु
"किरत करो, नाम जपो, वंड छको"
का शाश्वत संदेश देने वाले
प्रथम पातशाह
श्री गुरु नानक देव जी
के
556वें प्रकाश पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
स. भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब


**खबर संक्षेप**

## अवैध हथियार रखने वालों 2 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस क्राईम ब्रांच की अलग-अलग टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टे बरामद किये है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने ऋषि वासी मदनगिरी, साउथ दिल्ली को बाईपास रोड, सेक्टर-37 के पास से व क्राईम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने विक्रम साहनी निवासी गांव परदसिया, बिहार हाल सेक्टर-18 फरीदाबाद को इंडियन ऑयल कम्पनी के सामने ग्राऊड सेक्टर-12 फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पास से एक-एक देसी कट्टा बरामद हुये हैं। जिनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि के नागर मुख्य संरक्षक बने



**फरीदाबाद।** समाजसेवी रूप सिंह नागर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास का राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया है। इस बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि रूप सिंह नागर का समाज के प्रति लगाव और धार्मिक प्रवृत्ति को देखते हुए उनको न्यास का राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक बनाया गया है। इस बारे में न्यास की आम बैठक में सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया है। नागर ने बताया कि मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्म भूमि स्थल पर कब्जे को हटाने की लड़ाई लड़ रहे न्यास को उनका पूरा समर्थन है। सभी की अपनी मान्यताएं हैं और किसी को दूसरे की मान्यता को भंग करने का हक नहीं है।

## कूड़े के ढेर में नवजात बच्ची का शव मिला

**फरीदाबाद।** खेड़ी पुल थाना क्षेत्र स्थित भारत कॉलोनी गली नंबर-4 के 45 फीट रोड पर मंगलवार सुबह उस समय लोग हैरान हो गए, जब एक खाली प्लॉट में एक नवजात बच्ची का शव मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह लगभग 5.30 बजे एक कुत्ता उस प्लॉट से कुछ खींचकर बाहर ला रहा था, जिसे देखकर लोग पास पहुंचे तो सभी दंग रह गए। कुत्ते के मुंह में एक 8 से 9 महीने की नवजात बच्ची थी। प्रत्यक्षदर्शी राजीव कुमार ने बताया कि यह वही खाली प्लॉट है जहां लोग अक्सर कूड़ा-कचरा फेंकते हैं। सुबह जब उन्होंने देखा कि कुत्ता किसी चीज को खींचकर बाहर ला रहा है, तो पहले लगा कि शायद कोई जानवर है, लेकिन पास जाने पर पता चला कि वह एक नवजात शिशु है। लोगों ने कुत्ते के मुंह से बच्ची को छुड़वाया, तब तक बच्ची में हल्की सांसें बाकी थीं। उन्होंने बताया कि करीब 5-7 मिनट तक बच्ची तड़पती रही और फिर उसकी मौत हो गई।

## सरेआम चलती बाइक पर पी बीयर, गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ड्रंक एंड ड्राइव अभियान को धता बताते हुए बाइकर्स का सोहना रोड पर सरेआम बीयर पीने का मामला सामने आया है। बाइकर्स द्वारा खुलेआम बीयर पीते हुए बाइक चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बाइकर्स बेहद ही डेंजरस तरीके से बाइक चलाते दिखे। ये न केवल वाहन चालकों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं बल्कि गुरुग्राम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। वायरल वीडियो सोहना रोड का बताई रहा है।

# प्रवासी मतदाता स्पेशल ट्रेन से बिस चुनाव में मतदान करने के लिए हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बिहार विधानसभा के पहले चरण का चुनाव आगामी 6 नवम्बर को होना है। गुरुग्राम के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बिहार मूल के लोग कार्य कर रहे हैं। उनके वोट बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में बने हुए हैं। विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जहां इन प्रवासी मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है, वहीं उनसे आग्रह किया जा रहा है कि वे मतदान अवश्य करें। इसी सबको लेकर एक विशेष रेलगाड़ी गुरुग्राम रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। इसकी व्यवस्था भाजपा की ओर से की गई बताई जाती है। इन प्रवासी मतदाताओं को रवाना करने के लिए भाजपा के जिलाध्यक्ष अपने सहयोगियों के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंचे।

**सबको लेकर एक विशेष रेलगाड़ी गुरुग्राम रेलवे स्टेशन से रवाना हुई**



बताया जाता है कि यह रेलगाड़ी दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, गोपालगंज, छपरा, सीवान, मुजफ्फरपुर, बेगुसराय, सहरसा, पुर्णिया, कटिहार होते हुए अररिया तक जाएगी। ये सभी जिले उन बिहार क्षेत्र में शामिल हैं, जहां पहले चरण का मतदान 6 नवम्बर को होगा। बताया जाता है कि इस रेलगाड़ी को वापिसी 7 नवम्बर को उक्त रुट से ही होगी। जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी का कहना है कि चुनाव में हर वोट की अहमियत होती है। प्रवासी मतदाता वोट डालने से वंचित न रहें, इसलिए यह व्यवस्था की गई है।

## विशेष प्रार्थना सभाः गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व



**गाजियाबाद।** विजय नगर स्थित रोजबैल पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यालय में गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरुआत अध्यापिका स गुरविंदर कौर द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं "कीरत करो, नाम जपो, वंड छको" पर बहुत सुंदर और प्रेरणादायक व्याख्या से हुई।प्रधानाचार्या धर्मजीत कौर ने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण सीखों से अवगत कराया। उन्होंने सत श्री अकाल, इक ओंकार और वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के अर्थ को बहुत ही सरल और प्रेरक ढंग से समझाया। इसके बाद भाई अमरजीत सिंह, हजूरी रागी, गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा द्वारा भावपूर्ण कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से भर गया। विद्यार्थियों ने मिलकर "मूल मंत्र" का जाप किया और प्रसाद का वितरण कक्षाओं में किया गया।यह दिवस सभी के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा और गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लेकर आया।

### दिल्ली एनसीआर से लेकर बंगलादेश तक फैला गिरोह का नेटवर्क

# प्रतिबंधित कफ सीरप की सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को फेनसीडील कफ सीरप की कालाबाजारी व तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 02 अदद 12 टायरा ट्रक व 02 अदद आयशर कैंटर जब्त किए गए हैं। जिनमें से प्रतिबंधित एसक्फ कफ सीरप, फेनसीडील कफ सीरप की कुल 1,57,350 शीशीयाँ व एक क्रेटा कार,20 लाख रूपया नगद व 02 लैपटाँप व 10 मोबाईल, फर्जी मोबाईल सिम, मुहर व टेपेन्दोल एक्सटेंडेड रिलीज टैबलेट की कुल 19 स्टिप आदि दस्तावेज बरामद हुई हैं। कफ सीरप का कुल मूल्य लगभग 03 करोड 40 लाख रूपये है ।

एडीसीपी पीयूष सिंह ने बताया कि दिल्ली और गाजियाबाद से सप्लाई होने की बात प्रकाश में आयी थी । सूचना को सोनभद्र पुलिस द्वारा कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस के साथ साझा किया गया तथा सोनभद्र से एक पुलिस टीम भी गाजियाबाद आयी। सोनभद्र पुलिस के इनपुट के आधार पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में स्वाट टीम अपराध शाखा, नन्दग्राम पुलिस व सोनभद्र पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर की रात्रि में मेरठ रोड पर स्थित मछली गोदाम परिसर में बरेली-गोरखपुर ट्रांसपोर्ट के गोदाम से कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर वहां खडे 04 ट्रकों से कुल 1150 पेटी कफ सीरप जिसमें 850 पेटी एसक्फ कफ सीरप, फेनसीडील कफ सीरप बरामद हुई है।

**खास बातें**

- 04 ट्रकों से कुल 1150 पेटी कफ सीरप जिसमें 850 पेटी कफ सीरप, फेनसीडीकफ सीरप भी साथ में बरामद हुई है
- कुल 15735 लीटर सीरप बरामद हुआ



### चूने के बोरे में छिपाकर रखा था सिरप

जिन्हें चूने के बोरों के बीच में छिपाकर रखा गया था, को बरामद किया गया। प्रत्येक पेटी में 100 मिलीग्राम की शीशी थी। इस प्रकार कुल 15735 लीटर सीरप बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि कफ सीरप में कोडीन होता है, जोकि मादक द्रव्य की श्रेणी में आता है। कोडीन की एक किलो से अधिक की मात्रा होने पर परिवहन एवं भण्डारण हेतु समुचित प्रपत्र होना आवश्यक है, परन्तु अभियुक्तगण के द्वारा इस सम्बन्ध में कोई दस्तावेज/ साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये जा सके। इसके अतिरिक्त बरामद वाहन की बुकिंग इन्दौर से गुवाहाटी हेतु चूने की सप्लाई हेतु बुक की गयी थी। इस प्रकार आरोपियों द्वारा बिना किसी समुचित प्रपत्र के कूटरचित इ-वे बिल पर उपरोक्त कोडीन युक्त कफ सीरप की कालाबाजारी की जा रही थी। आरोपियों में सौरव त्यागी त्यागी निवासी मकनपुर,शादाब कैला चौक कैला भट्टा, शिवकान्त उर्फ शिव पुत्र सियाराम निवासी ग्राम बेदीपुर, थाना बिल्हौर, जनपद कानपुर नगर, संतोष भडाना निवासी ग्राम गढी माजरा भट्टा नं0 05, थाना मधुबन बापूधाम, अम्बुज कुमार विनोद कुमार निवासी ग्राम नंगली साधारण,धर्मेन्द्र कुमार सिंह निवासी ग्राम शेषपुर, थाना सुरापुरा, जनपद सुल्तानपुर उ0प्र0, हाल पता राजन ,दीपू यादवनिवासी ग्राम जरवा, थाना जतारा, जनपद टीकमगढ मध्य प्रदेश तथा सुशील यादव निवासी ग्राम जरवा, थाना जताराहैं। इस गिरोह का मुख्य आरोपी सौरव त्यागी है तथा संतोष भडाना इसका मुख्य ट्रांसपोर्टर है। जिसके गोदाम से माल को ट्रको में शिफ्ट किया गया था। सौरव त्यागी नेपूछताछ में बताया गया कि इन कफ सीरप में कोडीन होने के कारण भारत व बांग्लादेश में नशे की सामग्री के रूप में प्रयोग किया जाता है। भारत में इनके विक्रय पर कई प्रतिबन्ध होने के कारण इनकी तस्करी व कालाबाजारी की जाती है। इस कारोबार में मुख्य सरगना आसिफ व वसीम निवासी मेरठ तथा शुभम जायसवाल निवासी वाराणसी है, जिनके द्वारा देश के अलग-अलग भागों से उपरोक्त कफ सीरप को तस्करी कर बांग्लादेश भेजा जाता है। एन.सी.आर में कफ सीरप को एकत्रित करने का कार्य सौरव त्यागी के द्वारा किया जाता था।

### निगमायुक्त खड़गटा ने पार्क देखे, कहा

## पार्कों में विशेष सफाई और सड़कों पर पड़े हुए सीएंडडी वेस्ट को जल्द हटवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने मंगलवार को बड़खल विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 12 का निरीक्षण किया। प्रातः 9.30 बजे आयुक्त दशहरा मैदान स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने वार्ड के लगभग छह पार्कों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने सेक्टर-2ई स्थित रामायण पार्क के अंदर बने सामुदायिक भवन, रोज गार्डन, सेक्टर-2सी, सेक्टर-2एफ तथा विद्या मंदिर स्कूल से सटे पार्कों का भ्रमण किया। उन्होंने पार्कों की सफाई व्यवस्था, हरियाली और नागरिक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा पौधे पार्कों के अंदर और सड़कों के साथ लगाने के भी निर्देश दिए हैं।

आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर दिखाई दे रहे सीएंडडी वेस्ट (निर्माण एवं विध्वंस मलबा) को शीघ्र हटवाने का कार्य करें तथा सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाए, उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण करें और धरातल पर जाकर जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने पार्कों में आने जाने वाले लोगों की समस्याएं सुनी।

निरीक्षण के दौरान निगम के जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र जोशी, कार्यकारी अभियंता महेंद्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आयुक्त ने कहा कि निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि फरीदाबाद को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त शहर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निष्ठा एवं तत्परता के साथ विकास कार्यों को गति दें ताकि शहरवासी बेहतर नगर सेवाओं का लाभ उठा सकें।

### स्वच्छ बनेगा फरीदाबाद

निगम कमिश्नर द्वारा वार्डों के लगातार किए जा रहे निरीक्षणों से नागरिकों में प्रसन्नता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में फरीदाबाद में विकास कार्यों में नई ऊर्जा आई है। अधिकारियों के वार्ड स्तर पर स्वयं निरीक्षण करने से लोगों का भरोसा बढ़ा है और यह विश्वास मजबूत हुआ है कि फरीदाबाद जल्द ही स्वच्छ शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।

### विधायक शर्मा ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## टूटी हुई सड़कों की मरम्मत और सीवर की सफाई के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा पं. मूलचंद शर्मा ने मंगलवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक की। यह बैठक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय सेक्टर-12 में आयोजित की गई। बैठक में दोनों विभागों के संयुक्त कार्यों की समीक्षा करते हुए विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए और विभागों के बीच तालमेल बनाए रखना आवश्यक है ताकि कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो। बैठक में मुख्य रूप से सेक्टर-2 की मुख्य सड़कों, सेक्टर-62, 64, 64 सी और 65 सेक्टर 63 की सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, सीवर की सफाई तथा सभी सेक्टरों में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर 65 स्थित सामुदायिक भवन को भी अपग्रेड कर मॉडल सामुदायिक भवन बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी इस संबंध में जल्द से जल्द फाइल तैयार करें ताकि यह एक और भी सुंदर सामुदायिक भवन बन सके। इसके साथ ही पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं ग्रीन बेल्ट को सुंदर बनाने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक अनुपमा अंजली, संपदा अधिकारी नवीन कुमार, अधीक्षण अभियंता संदीप दहिया सहित दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने पकड़ा तो चौकी में खुद को लगाई थी आग

## प्रेमिका की शादी रुकवाने पहुंचे युवक की मौत, वरमाला से पहले कुल्हाड़ी लेकर डराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रामनगर में एक शादी में खूब ड्रामा हुआ। यहां रिबन कटाई के बाद वरमाला रस्म की तैयारी चल रही थी। दूल्हा और दुल्हन के मंच पर आने वाले थे। तभी एक वैगनआर कार घर के दरवाजे पर रुकी। उसमें से एक व्यक्ति उतरा, जिसके हाथ में काला बैग था। व्यक्ति ने कार से उतरते ही फिल्मी अंदाज में कहा कि ये शादी नहीं हो सकती।

इतना कहना था कि हंगामा शुरू हो गया। तभी उसने हाथ में कुल्हाड़ी उठा ली और कहा कि वह ये शादी नहीं होने देगा। वह इस लड़की को किसी और की नहीं होने देगा। धमकियां देने वाला नशे में लग रहा था। तभी दुल्हन की बुआ ने हिम्मत करके उसकी कुल्हाड़ी पकड़ ली। इसके बाद तो घरातियों-बारातियों ने उसे पकड़ लिया और मौके पर पुलिस बुला ली। पुलिस उसे पकड़कर सेक्टर-11 चौकी में ले गई, जहां उसने बैग से पेट्रोल निकाला और खुद पर छिड़क कर आग लगा ली। पुलिस ने आग बुझाई और उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार की दोपहर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक मरीज करीब 50 फीसदी झुलस गया था। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के छाता निवासी धर्मवीर के रूप में हुई। वह तीन बच्चों का पिता था। मगर, युवती से प्रेम प्रसंग के चलते उसने यह कदम उठाया।

लड़की के परिवार के लोगों ने धर्मवीर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी की वैगनआर कार को भी कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस जब उसको सेक्टर 11 की पुलिस चौकी लेकर पहुंची तो मामला उल्टा पड़ गया। आरोपी को एक कमरे में बैठा गया था। वहीं आरोपी ने अपने बैग से पेट्रोल से भरी बोतल निकाली और अपने ऊपर छिडक़ कर आग लगा ली। सेक्टर-11 पुलिस चौकी अधिकारी सुनील ने बताया कि आरोपी 10 साल से शादीशुदा था। 3 बच्चों का पिता था। वह मथुरा में कैफे चलाता था। आरोपी करीब 4 साल से युवती से रिलेशन में था। युवती की शादी तय हुई तो उसे पता चल गया। वह लगातार दबाव बना रहा था कि शादी न करे। वह नहीं मानी तो शादी वाले दिन शराब के नशे में उसके घर कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गया। लड़की पहले एक प्राइवेट जॉब करती थी, लेकिन शादी तय होने पर उसने जॉब छोड़ दी थी। लड़की के भाई प्रवीण ने बताया कि 2 नवंबर को घर में शादी की रस्में चल रहीं थी। तभी धर्मवीर कार में आया था। उसकी बहन जब 11वीं क्लास में पड़ती थी, तभी से वह उसका पीछा करता आ रहा था। उन्होंने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने मामले की शिकायत देने की तैयारी भी कर ली है। सेक्टर-11 पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील ने बताया कि लड़की के परिवार की शिकायत पर लड़के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था। घटना के बावजूद शादी की बाकी रस्में की गईं। शादी के बाद लड़की की विदाई हो गई। आरोपी की रामनगर में रिश्तेदारी है। उसका यहां आना-जाना थी, तभी वह युवती के संपर्क में आया था।

सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करायापुलिस आग को बुझाकर युवक को बीके अस्पताल लेकर पहुंची। जहां से सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक को एडमिट किया गया था।

**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) लोड सैल की खरीद, 2) डोंगा सफाई कार्य।

विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 10.11.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 10.11.2025 को पूर्वा. 9.30 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 10.11.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद सरकारी नीति के अनुरूप की जाएगी। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/ निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- प्रबंध निदेशक

संवाद-1039/11/111/2026/40032/सी/88/7 दि. 04.11.25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जुबेर हुसैन, निवासी मकान नं. 134-135, एन-ब्लॉक, अमर मार्केट, सौरभ विहार, नई दिल्ली, दूसरा पता, कोटवा गांव, थाना बरोली, जिला तिंगदोई, राज्य बिहार** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 73/2021, भा.द.सं. की धारा 380/457/511/34 के तहत, थाना जैतपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **जुबेर हुसैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **जुबेर हुसैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 73/2021, भा.द.सं. की धारा 380/457/511/34 के तहत, थाना जैतपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जुबेर हुसैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री छवि बंसल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11**
**दक्षिण पूर्व, कोर्ट नं. 09, मेन बिल्डिंग**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/14653/SE/2025

# पर्सनल लोन के नाम पर 1,57,560 रूपए की ठगी कॉल कर पैसे ऐंठने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पर्सनल लोन के लिए कॉल कर 1,57,560 रूपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने एक आरोपी को लखनऊ उप्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भारत कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक महिला ने बताया कि 22 अगस्त को इंस्टाग्राम पर पर्सनल लोन से संबंधित एक विज्ञापन पर दिये नम्बर पर विवरण भरा तो ठगों ने उससे सम्पर्क किया और दस लाख रुपये लोन देने की बात कही, जिसके लिए उन्होंने प्रोसेसिंग चार्ज, सिक्योरिटी डिपॉजिट, स्टाम्प चार्ज के नाम पर शिकायतकर्ता से 1,57,560 रूपए ऐठ लिये। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-12-ए, पंचकूला में हरियाणा मंत्री मकानों के परिसर में 30 मिमी मोटी बीसी का प्रावधान। | 03.11.2025 17.11.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1724585654 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 2 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ | स्टेट एयरक्राफ्ट्स वीटी-एचसीए (फिक्स्ड विंग), वीटी-एचआरवाई (रोटरी विंग) के उड़ान प्रचालनों हेतु ई-फ्लाइट प्लानिंग, फ्लाइट डिस्पैच, एफडीटीएल हेतु सेवाएं और सम्बन्धित सेवाएं। | 01.11.2025 15.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ठरू में धानक चौपाल में विकास कार्य, एमपीएलएडी + 1 कार्य। | 31.10.2025 10.11.2025 | 11.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | विभिन्न गांव - चांदवास, जावा, हिंडोल, बरसाना, जय श्री में आरसीसी बैंच की स्थापना + 1 कार्य। | 01.11.2025 07.11.2025 | 21.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | चलायमान शौचालय वैन्स, बीएस-VI की अधिप्राप्ति। | 05.11.2025 04.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/100/40022/I/88/7 दि. 04.11.25

## 'दिल्ली के हर घर तक स्वच्छ पानी और सुचारू सीवर नेटवर्क पहुंचाना हमारा लक्ष्य'

# जल बोर्ड ने पानी व सीवर परियोजनाओं के लिए जारी किए 735 करोड़ : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) 68 विधानसभा क्षेत्रों में पानी और सीवर परियोजनाओं को गति देने के लिए 734 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि जारी की है। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने यह राशि सीधे विधानसभा क्षेत्रों को जारी किए हैं ताकि काम तेजी से हो, पारदर्शिता बनी रहे और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि हमने इससे भी अधिक फंड दिए हैं, लेकिन इस बार उन्हें विकेन्द्रित तरीके से जारी किया गया है, ताकि विधायक जनता की जरूरतों के अनुसार काम कर सकें।

हमारा लक्ष्य दिल्ली के हर घर तक स्वच्छ पानी और सुचारू सीवर नेटवर्क पहुंचाना है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि काम शुरू हो गया है। लोग बहुत जल्द अपने इलाकों में इसका असर देखेंगे। उन्होंने कहा कि यह जारी ऐतिहासिक फंड दिल्ली में जल प्रशासन के नए युग की शुरुआत है। यह एक कुशल और समावेशी शहरी विकास की दिशा में बड़ा कदम है। वहीं दिल्ली जल बोर्ड ने कहा कि विधानसभा-वार फंड जारी करना उसके 'समान, विकेनद्रित और जरूरत-आधारित विकास' के मिशन को दर्शाता है।

इस पहल के तहत प्रत्येक क्षेत्र को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाने की शक्ति दी गई है,चाहे वह नई पाइप लाइन बिछाना हो, रिसाव की मरम्मत, सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम को अपग्रेड करना हो या स्वच्छ और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित करना। पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जल बोर्ड ने अपनी केंद्रीय परियोजना प्रबंधन इकाई के माध्यम से सख्त निगरानी और ऑडिट व्यवस्था लागू की है। सभी कार्यों को जियो-टैग किया जाएगा और रियल टाइम में ट्रैक किया जाएगा, ताकि धन का सही उपयोग और समय पर काम पूरा हो सके।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री ने की अधिकारियों के साथ बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों के साथ दिल्ली और अधिक स्वच्छ, सुंदर व आकर्षक बनाने के लिए सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण करने को लेकर विस्तार से चर्चा की।



### जारी कुल राशि में 408 करोड़ 95 लाख रुपए जल परियोजनाओं पर होंगे खर्च

जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि जारी कुल राशि में से 408 करोड़ 95 लाख रुपए पूंजीगत मद तहत दिए गए हैं, जिनसे नई पाइपलाइन बिछाने, पुराने सीवर लाइनों के प्रतिस्थापन, भूमिगत जलाशय (यूजीआर) निर्माण और जल आपूर्ति प्रणाली को सशक्त करने जैसी परियोजनाएं शुरू होंगी।

### सीवर योजनाओं पर होंगे खर्च 326 करोड़ रुपए

मंत्री प्रवेश ने बताया कि जल बोर्ड ने जारी कुल फंड 734 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि में से 326 करोड़ रुपए सीवर परियोजनाओं पर खर्च होंगे। यह राशि सीवर और नालों रखरखाव, डी-सिल्टिंग, मरम्मत और अन्य सेवा सुधार कार्यों पर खर्च होंगे ताकि मौजूदा सीवर नेटवर्क की कार्यकुशलता और विश्वसनीयता बढ़ाई जा सके।

# प्रदूषण बहुत खराब श्रेणी में कई जगह एक्यूआई 400 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली लगातार मंगलवार को भी वायु प्रदूषण की चपेट में घिरी रही। उत्तरी बाहरी दिल्ली के अलीपुर में वायु प्रदूषण का लेवल (एक्यूआई) 400 पार दर्ज हुआ। जबकि दिल्ली के करीब 19 क्षेत्र रेड जोन में शामिल रहे। वहीं अधिकांश समय दिल्ली पर स्मॉग की चादर छाई रही। इसके इतर सुबह के समय कोहरे की वजह से भी दिल्ली में विजिबिलिटी भी घट गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार दिल्ली में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे औसत एक्यूआई 309 दर्ज किया गया, जिसे बेहद खराब श्रेणी में माना जाता है।

इस दौरान दिल्ली के 19 क्षेत्र भी रेड जोन में दर्ज किए गए। जिनका एक्यूआई 300 के पार दर्ज किया गया। राजधानी में सबसे अधिक एक्यूआई अलीपुर में 421 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में माना जाता है। इसके अलावा जहांगीरपुर और वजीरपुर का एक्यूआई भी 400 पार रहा। पर्यावरण वैज्ञानिक एस के मुथैया का कहना है कि अभी दिल्ली को प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद बहुत कम नजर आ रही है।

### दिल्ली कांग्रेस ने बांटे फ्री मास्क

नई दिल्ली। यादव दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में मंगलवार को दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में प्रदूषण से बचाव के लिए लोगों को मास्क बांटे और जागरूक किया। देवेंद्र यादव ने व्यस्त आईटीओ चौक पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लोगों को मास्क वितरण करके प्रदूषण के प्रति जागरुकता अभियान चलाया। उन्होंने आरोप लगाए कि दिल्ली में प्रदूषण को कम करने में रेखा गुप्ता सरकार पूरी तरह फेल रही है। ऐसे में दिल्ली वालों को प्रदूषण से बचाने के लिए कांग्रेस ने दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में निशुल्क मास्क वितरण किए, ताकि लोग प्रदूषण से खुद को बचा सकें। यादव ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी विधानसभाओं के मुख्य बाजारों, भारी प्रदूषण वाले चौराहों, मेट्रो स्टेशनों और सार्वजनिक बसों में में लोगों को मास्क वितरित किए।

# एमसीडी : शिक्षा समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

## निगम के रसोईघरों का निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा तथा सभी शिकायतों की प्रतियां समिति के समक्ष की जाएंगी प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में मंगलवार को शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें से मिड-डे मील के अंतर्गत बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन में अनियमितताएं सामने आने पर समिति अध्यक्ष



योगेश वर्मा ने सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। समिति बैठक में निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में सभी रसोईघरों का निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा तथा सभी शिकायतों की प्रतियां समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएंगी। बैठक में समिति के सभी सदस्य, पार्षदगण एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### करीब 18 करोड़ की राशि से स्कूलों में होंगे कार्य

बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष योगेश वर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से विद्यालयों को वार्षिक रखरखाव के लिए मिलने वाली राशि लंबित थी। दो वर्षों के बाद विद्यालयों से उनकी वास्तविक आवश्यकताओं की जानकारी ली गई, जिसके आधार पर अब करीब 18 करोड़ 20 लाख की राशि दिल्ली नगर निगम के लगभग 1200 विद्यालयों को माइनर रिपेयर कार्यों के लिए जारी की जा रही है। इसके साथ ही, विद्यालयों के टीचर लर्निंग मटेरियल के लिए साढ़े तीन करोड़ रूपए तथा बॉयज फंड के रूप में 6 करोड़ की राशि भी स्कूलों को प्रदान की गई है। विद्यालय प्राचार्यों की खर्च सीमा को भी 3,000 से बढ़ाकर 5,000 किया गया है, जिससे स्कूल स्तर पर छोटे-छोटे कार्यों को त्वरित रूप से संपन्न किया जा सकेगा।

# लिबासपुर सब-रजिस्टार कार्यालय में नहीं हो रहा खर्चे के बिना कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के उत्तरी जिले के अंतर्गत आने वाले लिबासपुर स्थित सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। गांव सुल्तानपुर डबास निवासी सुमन लता पत्नी बिजेन्द्र सिंह ने इस संबंध में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, डीएम नार्थ और एसीबी को दी लिखित शिकायत दी है, जिसमें कार्यालय में खुलेआम रिश्वतखोरी और बाहरी लोगों की मनमानी का मामला उजागर किया गया है। वहीं, क्षेत्रीय डीएम अभिषेक ने बताया कि इस संबंध में जांच कर नियमानुसाए एक्शन लिया जाएगा।

शिकायती सुमन लता ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने 26 सितंबर 2025 को गाँव अलीपुर लाल डोरा क्षेत्र में स्थित अपने प्लॉट की रजिस्ट्री कराई थी, जिसकी पर्ची के नंबर का भी पत्र में जिक्र है। रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से उन्हें एक कमी बताते हुए पत्र भेजा गया,





- महिला ने सीएम, डीएम और एसीबी को दी लिखित शिकायत
- 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप
- जांच के बाद लिया जाएगा एक्शन : डीएम

जिसमें कहा गया कि राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली (एनजीडीआरएस) फॉर्म पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं। लेकिन जब उनके पति ने स्वयं सब-रजिस्ट्रार से मिलकर जांच कराई तो फॉर्म पर हस्ताक्षर सही पाए गए। इसके बावजूद, कई बार दफ्तर के चक्कर काटने के बाद भी रजिस्ट्री उन्हें नहीं दी गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि यश उर्फ रोहित का कार्यालय में कोई पद नहीं है, लेकिन वह सब-रजिस्ट्रार के कक्ष में बैठकर रजिस्ट्री पास कराने और कमी दूर करने के नाम पर खुलेआम वसूली करता है।

### बाहरी व्यक्ति पर भ्रष्टाचार के आरोप

शिकायती पत्र के अनुसार, अब इस सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बैठा एक बाहरी व्यक्ति यश उर्फ रोहित उनसे 25 हजार की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायती ने अपने पत्र में लिखा कि मेरे पति जब रजिस्ट्रार साहब के कमरे में मिले तो साहब ने यश उर्फ रोहित को रजिस्ट्री चेक करने को कहा। थोड़ी देर बाद यश ने मेरे पति को बाहर बुलाकर कहा कि भाई, यहां बिना खर्च के रजिस्ट्री पास नहीं होगी। जब तक 25 हजार रुपये नहीं दोगे, रजिस्ट्री नहीं मिलेगी, चाहे कुछ भी कर लो।

# गुरुद्वारा कमेटी ने नगर कीर्तन का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मंगलवार को पहली पातशाही गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व को समर्पित विशाल और अलौकिक नगर कीर्तन का आयोजन किया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से प्रारंभ होकर देर शाम गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब में संपन्न हुआ। इस दौरान रास्ते में जगह जगह संगत ने नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर कीर्तन पाँच प्यारों की अगुवाई में पावन गुरु ग्रंथ साहिब जी का स्वरूप मनमोहक पालकी साहिब में सुशोभित रहा। इस बारे में कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि उन्होंने संगत के साथ मिलकर नगर कीर्तन में भाग लिया। नगर कीर्तन में गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ-साथ गतका पार्टियों और निहंग सिंह जत्थेबंदियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर गतके के करतब प्रदर्शित किए। रास्ते भर संगत ने चाय, पकोड़े, जलेबियाँ, समोसे, कचौड़ियाँ और विभिन्न पकवानों के लंगर लगाए। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब पर फूलों की वर्षा कर नगर कीर्तन का हार्दिक स्वागत किया और दर्शन कर अपनी उपस्थिति को धन्य बनाया।

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस के भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मंत्री कपिल मिश्रा और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सचिवालय में की एक उच्च स्तरीय बैठक

दिल्ली सरकार गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस (24 नवंबर) को श्रद्धा, सेवा, त्याग और एकता के उत्सव के रूप में लाल किले पर मनाएगी। इस बाबत मंगलवार को दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सचिवालय में एक अहम बैठक की। बैठक में पंजाबी अकादमी, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, पर्यटन विभाग, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति और अन्य संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, व्यवस्थाओं और कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।

### 'डेंगू के 300, मलेरिया के 200 और चिकनगुनिया के आए 60 नए मामले'

नई दिल्ली। दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार प्रदूषण के आंकड़े छिपाने के बाद अब डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के आंकड़े भी छिपाने लगी है। 6 अक्टूबर के बाद 3 नवंबर को आई रिपोर्ट के अनुसार, डेंगू के 300, मलेरिया के 200 और चिकनगुनिया के 60 नए मामले आए हैं। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मंगलवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की एमसीडी ने 6 अक्टूबर के बाद अब 3 नवंबर को मौसमी बीमारियों के आंकड़े जारी किया है। इसके साथ ही, एमसीडी मौसमी बीमारियों से होने वाली मौतों को छिपाने के लिए उसका आंकड़ा भी रिपोर्ट में नहीं दर्ज कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सरकार एमटीएस कर्मियों को हड़ताल पर जाने से रोक लेती तो डेंगू-मलेरिया के इतने केस नहीं आते। अंकुश नारंग ने मंगलवार को कहा कि भाजपा ने तीन हफ्तों की रिपोर्ट छिपाई, जिसमें मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के मामले तेजी से बढ़ रहे थे। 6 अक्टूबर की आखिरी रिपोर्ट पेश करने के बाद अगली रिपोर्ट 3 नवंबर को जारी की गई।

### साहित्य महोत्सव का केन्द्र बिन्दु होगा राष्ट्रप्रेम : प्रो. योगेश सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 12 से 14 फरवरी तक एक विशाल साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। साहित्य महोत्सव के लिए गठित कोर कमेटी की एक बैठक डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई। इस पहली बैठक में महोत्सव को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि यह एक विशाल आयोजन होने जा रहा है; इसका केंद्र बिंदु राष्ट्र प्रेम होगा। इस महोत्सव का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास व अन्य साहित्यिक संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। इस अवसर पर डीयू कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता, एनबीटी से डिप्टी डायरेक्टर कंचन शर्मा, डीयू के वित्त अधिकारी गिरीश रंजन, डीन (अकादमिक) प्रो. के. रत्नाबली, भारतीय भाषा एवं साहित्यिक अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. रवि प्रकाश टेकचंदानी, आदि मौजूद रहे। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन देश हित को ध्यान में रख कर होने चाहिए। ऐसा कुछ भी नहीं होना चाहिए जो सामाजिक सौहार्द के खिलाफ हो। जो लोगों की भावना को ठेस पहुंचाए और लोगों में भेद करे, ऐसी कोई भी सामग्री आयोजन का हिस्सा नहीं होनी चाहिए। साहित्य महोत्सव कमेटी की चेयरपर्सन प्रो. रजनी अब्बी (निदेशक डीयू दक्षिणी परिसर) ने बैठक में सभी का स्वागत किया।

GANGA INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
(An Autonomous Institute, Graded 'A' by NAAC)
Approved by AICTE & Affiliated to M.D. University, Rohtak
Kablana, Bahadurgarh-Jhajjar Road, Jhajjar, Distt. Jhajjar, HR, 8684000923
website: www.gangainstitute.com | Email:- careers@gangainstitute.com
REQUIRES

| Lab Technician | Department | Prof. | Associate Prof. | Asst. Prof. |
|---|---|---|---|---|
| ECE-2, ME-2, | Civil Engg. | 1 | 1 | 1 |
| | Electrical Engg. | 1 | 1 | 1 |
| | Management | 1 | 1 | 2 |
| | Maths | 0 | 0 | 2 |
| | Comm. Skill | 0 | 0 | 1 |
| | Physics | 0 | 0 | 2 |
| | Chemistry | 0 | 0 | 2 |
| | Comp. Sc. & Engg. | 2 | 4 | 10 |
| | Comp. Application | 1 | 2 | 7 |

Send application along with complete detail of Qualification & Experience within 21 days of Publishing to The Chairman, Ganga Institute of Technology & Management, Kablana, Bahadurgarh-Jhajjar Road, Jhajjar, Distt. Jhajjar, HR-124104
Hostel Warden for Boys and Girls | 01 Each
Candidate can apply within 21 days of publishing to careers@gangainstitute.com

## स्थायी समिति की अध्यक्ष ने गाजीपुर लैंडफिल साइट का किया निरीक्षण

# कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम करने के लिए लगाई जाएं अतिरिक्त मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम करने के लिए अतिरिक्त मशीनें लगाई जाएं और नवीनतम तकनीक एवं आधुनिक मशीनों का प्रयोग कर बायोमाइनिंग कार्य को और तेज़ किया जाए।

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार समिति अध्यक्ष शर्मा वहां चल रहे बायोमाइनिंग एवं कूड़ा



निस्तारण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त लीलाधर मेघवाल, शाहदरा (दक्षिणी) जोन के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा, क्षेत्रीय उपायुक्त बादल कुमार सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। शर्मा ने यह भी बताया कि वे अगले महीने पुनः गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण करेंगी ताकि कार्य की प्रगति का मूल्यांकन किया जा सके और निर्धारित समय सीमा का पालन सुनिश्चित हो। स्थायी समिति अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि गाजीपुर सेनेटरी लैंडफिल साइट पर बायोमाइनिंग का कार्य दूसरे चरण में जारी है। यह चरण पूर्ण होते ही तीसरे चरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में योजना तैयार कर ली गई है और शीघ्र ही इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गाजीपुर लैंडफिल साइट पर एक नया वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे कूड़ा निस्तारण के साथ-साथ ऊर्जा उत्पादन भी संभव होगा।

### निगम युद्ध स्तर पर कर रहा है लैंडफिल साइटों का निस्तारण : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने मंगलवार को जानकारी दी कि दिल्ली नगर निगम राजधानी की तीनों लैंडफिल साइटों भलस्वा, गाजीपुर और ओखला के निस्तारण के कार्य को युद्ध स्तर पर अंजाम दिया जा रहा है। निगम का लक्ष्य है कि इन लैंडफिल साइटों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी तरह समाप्त किया जाए, ताकि दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि इस दिशा में दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष, नेता सदन, उप महापौर एवं संबंधित पदाधिकारी समय-समय पर इन तीनों लैंडफिल साइटों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का आकलन कर रहे हैं।

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
( भारत सरकार का उद्यम)
CIN-L74899DL1960GOI003335
NBCC/SBG/DOP/2025/32
एनबीसीसी ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है-जहां है" के आधार पर सूर्य नगर, अलवर, राजस्थान में एनबीसीसी अरावली अपार्टमेंट्स के संपूर्ण मालसूची के बिक्री की घोषणा करता है।
निबंधन और शर्तों सहित नीलामी दस्तावेज एनबीसीसी की वेबसाइट : www.nbccindia.in पर "संपत्ति खरीदें" खंड के अंतर्गत उपलब्ध है।
ई-नीलामी हेतु पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 25.11.2025 को 11:00 बजे (23:00 बजे) तक है।
अनुशेष । शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) को केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।
एसबीजी (डीओपी), एनबीसीसी रियल एस्टेट कार्यालय
एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, नई दिल्ली
संपर्क करें: 8527960986 ई-मेल: sbg.dop@nbccindia.com
CBC- 20109/12/0005/2526




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

लाइफ Style

# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाईं हैं।

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।



हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर'का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है'से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'सप्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। सप्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को सप्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है।



दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*



**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

*नई दिल्ली। वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

पेज एक का शेष

## बिहारः पहले चरण के ...

महागठबंधन के लिए अपने पिछले प्रदर्शन को बरकरार रखना या उससे बेहतर प्रदर्शन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। पहले चरण में 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। प्रचार अभियान की समाप्ति के साथ ही, प्रमुख गठबंधनों द्वारा पहले चरण के कड़े मुकाबले की तैयारी के साथ, चुनाव प्रचार का भी समापन हो गया है। ये सीटें राज्य के नौ प्रशासनिक प्रभागों में से छह के अंतर्गत आती हैं। गठबंधनों की बात करें तो पहले चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से जद(यू) के 57, भाजपा के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 2 उम्मीदवार मैदान में हैं। महागठबंधन की ओर से राजद के 71, कांग्रेस के 24 और वाम दलों के 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) छह-छह सीट पर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) तीन सीट पर और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) दो सीट पर चुनाव लड़ रही है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के 118 उम्मीदवार भी इस चरण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग ने सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया है कि मतदान केंद्रों पर उत्सव जैसा माहौल बनाया जाए ताकि मतदाता बड़ी संख्या में मतदान के लिए आगे आएं। आयोग ने बूथ पर शत प्रतिशत वेबकास्टिंग, नई मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) की सुविधा और ईवीएम नेट ऐप के माध्यम से मतदान रिपोर्टिंग जैसे तकनीकी नवाचारों को लागू किया है। पहले चरण के लिए 121 सामान्य, 18 पुलिस और 33 व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर जिलों में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने छह विधानसभा सीट पर मतदान के समय में एक घंटे की कमी की है। इन 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। पहले चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, 1 करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए कुल 45,341 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें 45,324 मुख्य बूथ और 17 सहायक बूथ होंगे। पहले चरण में कई चर्चित उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद होगी।

इनमें महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, लोकगायिका मैथिली ठाकुर, भोजपुरी फिल्म स्टार खेसारी लाल यादव, जनशक्ति जनता दल के तेज प्रताप यादव, जनता दल (यूनाइटेड) प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और भोला यादव शामिल हैं। अलीनगर सीट पर भी सबकी नजर है, जहां भारतीय जनता पार्टी ने लोकगायिका मैथिली ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विनोद मिश्रा से है। वहीं, हाल ही में मोकामा में दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में गिरफ्तार जद(यू) प्रत्याशी अनंत सिंह की किस्मत का फैसला भी इसी चरण में होना है। पहले चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के 16 मंत्रियों की किस्मत भी ईवीएम में कैद होगी। इनमें भाजपा के 11 और जद(यू) के 5 मंत्री शामिल हैं।

## टिकट में गलती...

किसी एक्स्ट्रा चार्ज के, इसके अलावा रिफंड को लेकर भी प्रस्ताव में बड़ी बात कही गई है। एविएशन रेग्युलेटर डीजीसीए ने एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें एयर टिकट कैंसिलेशन और रिफंड से जुड़े नियमों में बदलाव शामिल है। डीजीसीए के प्रस्ताव के तहत अब हवाई यात्रियों को जल्द ही बुकिंग के 48 घंटे के अंदर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपने मौजूदा टिकट कैंसिल या ट्रैवल डेट बदलवाने की इजाजत मिल सकती है। प्रस्ताव के अनुसार टिकट कैंसिल किए जाने पर रिफंड की रकम को एयरलाइंस के क्रेडिट शेल/वॉलेट में रखना पैसेंजर का चयन होगा, न कि यह एक डिफॉल्ट प्रैक्टिस होगी। डीजीसीए ने कैंसिलेशन के साथ टिकट रिफंड के नियमों में बदलाव का जो प्रस्ताव रखा है। उसके तहत अगर टिकट किसी ट्रैवल एजेंट/पोर्टल से खरीदा गया है, तो भी रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइंस की ही होगी। रेग्युलेटर ने कहा है कि इस तरह के एजेंट एयरलाइंस के अपॉइंटेड रिप्रेजेंटेटिव होते हैं। एयरलाइंस यह पक्का करेंगी कि रिफंड प्रोसेस 21 वर्किंग दिनों के अंदर पूरा हो जाए।

अभी ड्राफ्ट स्टेज में सुधारः यह बदलाव एयर टिकट के रिफंड से जुड़े सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट (सीएआर) में किए जा रहे हैं। इसके लिए 30 नवंबर तक प्रतिक्रियाएं मांगी गई हैं।

## अलग-अलग राज्यों ....

इलेक्टोरल रोल में अपना नाम, या अपने माता-पिता या रिश्तेदार का नाम नहीं ढूंढ पाए हैं।

## महादेव ऑनलाइन का...

ईडी ने दोनों आरोपियों के ख़िलाफ़ रायपुर कोर्ट में "फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर" के तहत एक साल से केस दायर किया हुआ है उसमें भी एजेंसी को अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है। अब दुबई से रवि उप्पल के बारे में बताया जा रहा है वो फिलहाल गायब है। एजेंसियों के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि गत वर्ष अक्टूबर में दोनों आरोपियों द्वारा वनियतु देश का पासपोर्ट बनाने की सूचना मिली है। चंद्राकर तो दुबई में है, रवि उप्पल कहीं वनीयतु देश तो नहीं भाग गया, इस बात की तस्दीक की जा रही है। मजे की बात ये है की दोनों के ख़िलाफ़ रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद भी उप्पल के दुबई से दूसरे देश में भाग जाने की ख़बर आ रही है। दिसंबर 2023 में दुबई में गिरफ्तारी के बाद रवि उप्पल को एक इंटरपोल नोटिस के तहत नजरबंद किया गया था। एक दूसरी एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, यूएई अधिकारियों ने उनकी भारत प्रत्यर्पण प्रक्रिया पूरी नहीं की, लेकिन उनके निकलने के रास्ते या गंतव्य की जानकारी भी साझा नहीं की गई। उक्त सरकारी अधिकारी ने बताया, "हमें सूचित किया गया है कि रवि उप्पल यूएई छोड़ चुके हैं। उनके ठिकाने की जानकारी नहीं है और वे अभी भी फरार हैं।"

**6,000 करोड़ का सट्टेबाजी साम्राज्यः** महादेव ऑनलाइन बुक ऐप, जिसकी शुरुआत 2018 में छत्तीसगढ़ के रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर ने की थी, पर अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी संचालन के आरोप हैं। इस ऐप के तहत देशभर के विभिन्न शहरों में करीब 3,200 से अधिक बेटिंग पैनल चलाए जा रहे थे, जिनसे रोजाना लगभग 240 करोड़ के दांव लगाए जाते थे। इन ऑपरेशनों में 3,500 से अधिक कर्मचारी शामिल थे, जिनमें से कई दुबई के 20 से अधिक विला में रहते थे।

**जांच और कानूनी कार्रवाईः** मार्च 2025 में सीबीआई ने इस प्रकरण में एक बड़ी साजिश का मामला दर्ज किया था। रवि उप्पल को दिसंबर 2023 में दुबई में गिरफ्तार किया गया था और लगभग 45 दिन तक नजरबंद रखा गया था। सौरभ चंद्राकर को अक्टूबर 2024 में पकड़ा गया था और वह अब भी गृह नजरबंदी में है।

**प्रत्यर्पण पर गतिरोधः** भारत सरकार ने चंद्राकर के प्रत्यर्पण के लिए यूएई को अक्टूबर 2024 में अनुरोध भेजा था, परंतु अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने दोनों के खिलाफ फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर (एफईओ) की कार्रवाई शुरू की थी। दोनों की वर्तमान में संपत्तियाँ दुबई और रायपुर में जांच के दायरे में हैं। यूएई सरकार ने भारत को लिखे अपने जवाब में कहा कि "उप्पल के प्रत्यर्पण का अनुरोध समय पर प्राप्त नहीं हुआ, इसलिए उसे मानना संभव नहीं था।" एक अधिकारी के अनुसार, यह मामला अब भी भारत-यूएई कानूनी सहायता और प्रत्यर्पण संधि की भावना से मेल नहीं खाता।

## कनाडा के वीजा ...

बड़े पैमाने पर प्रभाव पड़ सकता है। जिसके पीछे की वजह हर साल बड़ी तादाद में भारतीय छात्रों समेत देश के बाकी लोगों का कनाडा की ओर रुख करना है। वहीं, इस मामले की पुष्टि सार्वजनिक रूप से खुद कनाडा की इमीग्रेशन मंत्री लीना डायब ने सीबीसी न्यूज से बातचीत में की है। लीना ने ही संबंधित विधेयक के संबंध में एक प्रस्ताव संसद में रखा है। सीबीसी से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसी शक्तियों का इस्तेमाल ओटावा द्वारा महामारी और युद्ध की स्थितियों के दौरान भी किया जाता है। वहीं, सीबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी शक्तियों का इस्तेमाल किसी देश विशेष के वीजा धारकों को लेकर भी किया जा सकता है। मौजूदा मामले में भारत और बांग्लादेश को लेकर चिंता जताई गई है। पूरे घटनाक्रम के बीच कनाडा में कुछ जगहों पर विरोध-प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं।

**अमेरिकी संस्थाओं संग की साझेदारीः** सीबीसी की रिपोर्ट यह खुलासा भी करती है कि वीजा नियमों में बदलाव के अलावा कनाडा के अधिकारियों ने भारत और उसके पड़ोसी देश बांग्लादेश से आने वाले फर्जी वीजा आगंतुकों की पहचान करने के लिए अमेरिका की संस्थाओं के साथ साझेदारी भी की है। कनाडा की संसद में रखे गए उक्त विधेयक की चर्चा मीडिया में एक ऐसे समय में हो रही है। जब बीते दिनों शिक्षा ग्रहण करने के इच्छुक करीब 74 फीसदी भारतीय छात्रों के वीजा आवेदनों को कनाडा द्वारा रद्द कर दिया गया है।

**काम के दबाव में संस्थाएंः** कनाडा के इमीग्रेशन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि उनके पास हर साल बड़ी तादाद में वीजा के लिए आवेदन आते हैं। भारतीयों भी काफी तादाद कनाडा में प्रवेश पाने के इच्छुक रहते हैं। मई 2023 में 500 पर बना हुआ इनका आंकड़ा 2024 में सीधे 2 हजार तक पहुंच गया था। वीजा आवेदनों की बड़ी संख्या के चलते अधिकारी वीजा के प्रोसेसिंग टाइम में बढ़ोतरी करने जा रहे हैं।

## 7 यात्रियों की ....

मौके पर मौजूद रहीं। पैसेंजर ट्रेन की बोगी को गैस कटर से काटकर निकाला गया। रेलवे प्रशासन ने हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा। फिलहाल पूरे रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया। कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट किया गया। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान किया है। सीएम विष्णुदेव साय ने इस रेल हादसे पर दुख व्यक्त किया है। बिलासपुर जिला कलेक्टर से जानकारी लेकर उन्हें हरसंभव सहायता और राहत कार्य संबंधित निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल, दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रेलवे की जांच टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना कर रही है और तकनीकी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

**रेलवे ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर :** बिलासपुर : 7777857335, 7869953330, चांपा : 8085956528, रायगढ़ : 9752485600, पेंड्रा रोड : 8294730162, कोरबा : 7869953330

## हिंदुजा समूह के ...

में गल्फ ऑयल और तीन साल बाद अशोक लीलैंड का अधिग्रहण शामिल है। अशोक लीलैंड भारत में प्रवासी भारतीयों की ओर से किए गए पहले बड़े निवेशों में से एक था। हिंदुजा समूह की स्थापना 1919 में हुई। उस समय इसके संस्थापक परमानंद दीपचंद हिंदुजा सिंध (तब भारत का हिस्सा, अब पाकिस्तान में) से ईरान चले गए और एक वैश्विक समूह बनने की नींव रखी। समूह ने 1979 में अपना मूल कारोबार ईरान से लंदन ले गया। द संडे टाइम्स रिच लिस्ट ने गोपी हिंदुजा और उनके परिवार को लगातार दूसरे साल ब्रिटेन का सबसे अमीर व्यक्ति बताया था। उनकी कुल संपत्ति 35.3 अरब पाउंड थी। यह 2024 के 37.2 अरब पाउंड से थोड़ी कम है।

## हर 40 दिन में नौसेना में...

की जा रही है। हमारा लक्ष्य आगामी एक दशक यानी वर्ष 2035 तक 200 से अधिक युद्धपोत और पनडुब्बियों का संचालन करने का है। इसे ध्यान में रखते हुए हमने जिन 52 जहाजों के निर्माण का ऑर्डर दिया है। उन्हें भारतीय शिपयार्डों में ही बनाया जा रहा है। यह जानकारी एडमिरल त्रिपाठी ने नई दिल्ली में भारत शक्ति द्वारा आयोजित किए गए भारत रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है।

**साझेदारियों में उद्देश्य-सिद्धांत अहमः** एडमिरल त्रिपाठी के मुताबिक, आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक आते-आते एक विकसित देश बनने की राह में साझेदारियां हमारे लिए कभी भी समन्वय पर नहीं बल्कि उद्देश्य और सिद्धांत पर आधारित होंगी। जिन्हें हमें एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करना है। जो स्वतंत्र, खुला हुआ, समावेशी और नियमों के तहत चलने वाला होगा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा क्षेत्र होगा जो परिस्थितियों के मुताबिक नहीं। आपसी पसंद और लगातार बनी रहने वाली प्रतिबद्धता पर आधारित होना चाहिए। समुद्री क्षेत्र में नौसेना विश्वास, पारदर्शिता और मजबूत कदमों की वजह से संचालन करती है। जिसमें समन्वित गश्त, निगरानी मिशन, समुद्री क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने वाले कदम, मानवीय सहायता और राहत अभियान, संयुक्त सैन्य अभ्यासों का अहम योगदान है। उन्होंने पीएम मोदी के महासागर, सागर विजन और ग्लोबल साउथ देशों को दी जा रही प्राथमिकता का भी जिक्र किया।

### मुख्यमंत्री सैनी ने दी किसानों को बड़ी राहत

# बाढ़-बारिश से प्रभावित किसानों के बिजली बिल 6 माह के लिए स्थगित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



निर्णय से राज्य के लगभग 7.10 लाख कृषि उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2025 के मानसून के दौरान राज्य में आई भारी वर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए विशेष योजना की घोषणा की। राज्य के सभी कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ताओं के लिए जुलाई, 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के बिजली बिलों का भुगतान छह माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए इस फैसले से लाखों किसानों को राहत मिलेगी। ऊर्जा विभाग प्रवक्ता ने बताया कि जुलाई, 2025 में जारी बिजली बिल जनवरी, 2026 में देय होंगे। इसी प्रकार, अगस्त, 2025 के बिजली बिल फरवरी, 2026 में और दिसंबर, 2025 के बिल जून, 2026 में देय होंगे। इस निर्णय से राज्य के लगभग 7.10 लाख कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस अवधि के दौरान यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन द्वारा किसी भी कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ता से विलंब अधिभार नहीं वसूला जाएगा तथा बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहेगी। इस सन्दर्भ में बिजली निगमों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। यह निर्णय से प्रभावित किसानों को तात्कालिक आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया, ताकि किसान अपनी कृषि गतिविधियों को पुनः आरंभ कर सकें।

## प्रत्याशी दीपा के प्रचार वाहन से 17 कार्टन अंग्रेजी शराब हुई बरामद वाहन चालक फरार

**गया।** जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के रौना रेलवे गुमटी के पास मंगलवार सुबह एनडीए समर्थित हम प्रत्याशी दीपा मांझी के प्रचार वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से 17 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त कर वाहन को थाना लाकर जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब आठ बजे दीपा मांझी के प्रचार वाहन के रूप में चल रही एक पिकअप गाड़ी की एक बाइक सवार से हल्की टक्कर हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और वाहन सवारों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। जब लोगों ने गाड़ी की जांच की तो उसमें प्लास्टिक से ढकी हुई अंग्रेजी शराब की पेटियां बरामद हुईं। बताया गया कि उक्त वाहन पर एनडीए समर्थित इमामगंज विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी दीपा मांझी के बैनर और पोस्टर लगे हुए थे और उसी में शराब की खेप ले जाई जा रही थी।

## एनटीपीसी का बड़ा कदम, झारखंड में शुरू हुई देश की पहली सीओ-2 इंजेक्शन बोरवेल ड्रिलिंग

**रांची।** एनटीपीसी लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसने झारखंड के पकरी बरवाडीह कोयला खदान में देश के पहले कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ 2) इंजेक्शन बोरवेल की ड्रिलिंग शुरू कर दी है। कंपनी ने बताया कि यह कदम भारत के कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) रोडमैप और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पहल एनटीपीसी की अनुसंधान शाखा के नेतृत्व में की जा रही है। एनटीपीसी ने बयान में कहा, कंपनी ने देश की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में एक अहम उपलब्धि हासिल की है, जब उसने झारखंड स्थित पकरी बरवाडीह कोयला खदान में देश के पहले सीओ 2 इंजेक्शन बोरवेल की ड्रिलिंग शुरू की। यह बोरवेल लगभग 1,200 मीटर गहराई तक ड्रिल किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित और प्रभावी तरीके से कार्बन डाइऑक्साइड को जमीन में स्टोर करने के लिए आवश्यक भूगर्भीय और भंडारण संबंधी डेटा इकट्ठा करना है।

### दो और ने ट्रामा सेंटर में तोड़ा दम, मृतकों में दो बच्चे

# ट्रक कार भिड़ंत में कार सवार सभी आठ लोगों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶| बाराबंकी

बाराबंकी के देवा फतेहपुर मार्ग पर सोमवार रात तेज रफ्तार ट्रक और अमेरिका में हुई भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गई थी जबकि दो लोगों ने रात में इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। कार में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो चुकी है। दो शवों का पोस्टमार्टम लखनऊ में किया जा रहा है जबकि छह शव पोस्टमार्टम हाउस में रखे गए हैं, जिनका पोस्टमार्टम शुरू किया गया। पुलिस के मुताबिक फतेहपुर कस्बे के भाजपा नेता गिरधर गोपाल की बिना नंबर की नई अर्टिगा कार लेकर कस्बे के ही मौलवीगंज निवासी प्रदीप रस्तोगी (55) अपने परिवार के साथ कानपुर के बिठूर में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। शाम को लौटते समय जैसे ही उनकी कार कल्याणी नदी पुल के करीब पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से जोरदार



टक्कर लगी। हादसे में प्रदीप रस्तोगी, इनकी पत्नी माधुरी रस्तोगी (52), पुत्र नितिन (35), पुत्र कृष्णा (15), कार चालक मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र खड़ेहरा गांव निवासी श्रीकांत (40) और महेंद्र मिश्र उर्फ बाला (45) की मौत हो गई थी। जबकि इंद्रकुमार मिश्र (50 ) और विष्णु नाग (15) की रात में इलाज के दौरान केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। इस प्रकार अब तक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है। आठ लोग एक ही कार में सवार थे। घटना के बाद आसपास के गांवों के लोग मौके पर दौड़ पड़े। बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार में फंसे शवों को निकालने के लिए पुलिस को गैस कटर मंगवाना पड़ा।



## चिंतन

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बिखरा इंडिया गठबंधन

चुनाव आयोग ने जब देश में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया शुरू की तो विपक्ष ने खूब बवाल काटा। इंडिया गठबंधन के नेता संसद से लेकर सड़क तक खूब गरजे। देशभर में अलग-अलग तरह से चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोला गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी दलों ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली। यह साबित करने का प्रयास किया गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर ऐसा कर रहा है। विपक्ष के वोट काटने के लिए बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। अब जबकि चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन करवाने का ऐलान किया है तो विपक्ष विरोध तो कर रहा है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सारे दल अलग-अलग ढपली बजा रहे हैं। जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां भी इंडिया ब्लॉक के कुनबे में तमिलनाडु छोड़कर इस मुद्दे पर कहीं भी एकजुटता नजर नहीं आ रही है। दूसरे चरण की घोषणा हुए 10 दिन से ज्यादा गुजर चुके हैं, लेकिन विपक्षी दलों ने अभी तक इसके खिलाफ एक प्रेस कांफ्रेंस तक नहीं की है। अलबत्ता सैद्धांतिक रूप में वे इसका विरोध जरूर कर रहे हैं और वो भी अलग-अलग। मंगलवार को पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किलोमीटर लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। इसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं, लेकिन इसके उलट इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े धड़े कांग्रेस ने इस मार्च से दूरी बनाए रखी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने का कहना था कि टीएमसी और बीजेपी बंगाल में एसआईआर पर विभाजनकारी राजनीति में लिप्त हैं, जिससे भय का माहौल पैदा हो रहा है। सीएम ममता बनर्जी को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए थी और एसआईआर विरोधी दलों को एकजुट करना था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस अब चुनाव आयोग के साथ मुलाकात की कोशिश में है, ताकि अपनी चिंताएं बता सके और एसआईआर को लेकर सुझाव दे सके। इशारा साफ है कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ सही नहीं है। दूसरी ओर, सबसे बड़ी बात ये है कि बिहार में इतना हो-हल्ला करने के बाद भी न तो मतदाताओं पर इसका कोई असर दिख रहा है और न ही इसके खिलाफ कोई बड़ा कानूनी डंडा ही चल पाया है, जिसने इंडिया गठबंधन के नेताओं का उत्साह पूरी तरह से फीका कर रखा है। कांग्रेस, आरजेडी और लेफ्ट की वजह से बिहार में जो विपक्ष एकजुट दिख रहा था, वो न तो पश्चिम बंगाल में एकसाथ नजर आ रहा है और न ही केरल में। जबकि, इन तीनों ही राज्य में अगले साल एसआईआर की छंटनी प्रक्रिया के बाद तैयार होने वाले वोटर लिस्ट पर ही चुनाव होने वाले हैं। विपक्ष को लग रहा है कि इस मुद्दे को जनता भाव नहीं दे रही है। इसीलिए गठबंधन की एकता गायब हो गई है।

## महिला क्रिकेट

विवेक शुक्ला



# छोटे शहरों की बेटियां करतीं सपने साकार

बीते 2 नवंबर का वह ऐतिहासिक पल, जब नवी मुंबई के दर्शकों से खचाखच भरे डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार आईसीसी महिला ओडीआई विश्व कप पर कब्जा जमाया। गौर करें कि इस विजयी टीम की अधिकांश खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों से आ रही हैं। क्या यह संकेत है कि अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रो से भारत को बड़े खिलाड़ी मिलेंगे? बिल्कुल हां। अगर भारतीय क्रिकेट के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि हमारे देश की क्रिकेट का इतिहास हमेशा से बड़े महानगरों जैसे मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। छोटे शहरों से आने वाले खिलाड़ी अपवाद थे। महिला क्रिकेट में भी यही सिलसिला चला। 1980-90 के दशक में मिताली राज (हैदराबाद) या झूलन गोस्वामी (कोलकाता के उपनगर से) जैसी दिग्गजों ने रास्ता दिखाया, लेकिन टीम का कोर हमेशा बड़े शहरों से ही रहा। लेकिन 2025 विश्व कप की भारतीय टीम में परिवर्तन स्पष्ट है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में कम से कम 10 खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं। उदाहरण के लिए, शेफाली वर्मा का संबंध रोहतक से है, जहां क्रिकेट अकादमियां सीमित हैं। शेफाली ने स्थानीय क्लब से शुरुआत की और 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। इसी तरह, दीप्ति शर्मा आगरा से हैं, जहां ताजमहल की छाया में क्रिकेट का सपना देखना आसान नहीं था। दीप्ति ने घर पर ही नेट प्रैक्टिस की शुरुआत की, और आज वे विश्व कप की हीरो हैं। नई पीढ़ी की ये लड़कियां और भी प्रेरणादायक हैं। उमा चेत्री, असम के सिलचर जिले के एक छोटे से गांव से, जहां बाढ़ और गरीबी आम हैं, ने विकेटकीपिंग में अपनी छाप छोड़ी। उनकी कहानी फिल्मी लगती है, स्कूल के मैदान पर गेंद पकड़ते हुए सपने बुनना, फिर राज्य स्तर पर चयन, और विश्व कप फाइनल में योगदान। मध्य प्रदेश के छतरपुर से आती हैं क्रांति गौड़, जिन्होंने खेतों के बीच गेंदबाजी सीखी। वे स्पिनर हैं और विश्व कप में अपनी किफायती गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका को परेशान किया। श्री चरनी आंध्र प्रदेश के एक पिछड़े क्षेत्र से संबंध रखती हैं, जहां क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर न के बराबर है। ये नाम न सिर्फ टीम की ताकत हैं, बल्कि छोटे शहरों की प्रतिभाओं का प्रमाण है। भारतीय महिला टीम के 2025 स्क्वॉड में 70 फीसदी खिलाड़ी गैर-महानगरीय पृष्ठभूमि से हैं, जो 2017 विश्व कप स्क्वॉड (जिसमें 40 फीसदी थे) से दोगुना है। यह बदलाव रातोंरात नहीं हुआ। कई कारक जिम्मेदार हैं। सबसे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का महिला क्रिकेट पर बढ़ता फोकस। 2013 के बाद से, बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंट्स जैसे सीनियर महिला ट्रॉफी और सुपर लीग में छोटे राज्यों को अधिक मौके दिए। इससे झारखंड, असम, तेलंगाना जैसे राज्यों से प्रतिभाएं उभरीं। दूसरा, डिजिटल क्रांति का योगदान। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर कोचिंग वीडियो उपलब्ध होने से छोटे शहरों की लड़कियां घर बैठे सीख रही हैं। तीसरा, सरकारी योजनाएं। 'खेलो इंडिया' और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी पहलों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया। असम सरकार ने उमा चेत्री जैसे खिलाड़ियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति दी। चौथा, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का प्रभाव। 2023 से शुरू हुई डब्ल्यूपीएल ने छोटे शहरों की लड़कियों को प्लेटफॉर्म दिया, जहां वे बड़े कोचों से सीख सकें। लेकिन चुनौतियां भी हैं। छोटे शहरों में सुविधाओं की कमी, जैसे अच्छे ग्राउंड, कोचिंग सेंटर या यहां तक कि सुरक्षित यात्रा, अभी भी बाधा हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह भी एक मुद्दा है; कई परिवारों में लड़कियों को क्रिकेट खेलने की अनुमति देना ही बड़ी जीत होती है। फिर भी, ये बेटियां साबित कर रही हैं कि सपने शहर की सीमा नहीं मानते। विश्व कप जीत के बाद, रोहतक में शेफाली के सम्मान समारोह में हजारों लड़कियां मैदान पर उतरीं, जो भविष्य की प्रतिभाओं का संकेत है। यह ट्रेंड सिर्फ महिला क्रिकेट तक सीमित नहीं। पुरुष क्रिकेट में भी छोटे शहरों से खिलाड़ी आ रहे हैं। लेकिन महिलाओं में यह ज्यादा तेजी से हो रहा है, क्योंकि क्रिकेट अब लैंगिक बाधाओं को तोड़ रहा है। कुल मिलाकर बात ये है कि अब छोटे शहरों से भारत के बड़े खिलाड़ी आने लगे हैं। 2025 महिला विश्व कप जीत इसका जीवंत प्रमाण है। यह बदलाव क्रिकेट को अधिक समावेशी बना रहा है, जहां प्रतिभा का जन्म स्थान मायने नहीं रखता। लेकिन इसके लिए हमें और निवेश चाहिए, ग्रामीण अकादमियां, महिला कोचिंग प्रोग्राम और जागरूकता। जैसा कि हरमनप्रीत कौर ने फाइनल के बाद कहा, 'यह जीत उन सभी छोटे शहरों की बेटियों के लिए है जो सपने देख रही हैं।'

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# स्वतंत्रता का मंत्र बना- वंदेमातरम्



विचार
शिवप्रकाश

भारत सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में एवं गृह मंत्रालय द्वारा पत्र निकालकर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की 7 नवंबर 2025 से 1 वर्ष के लिए 150 वीं जयंती मनाने का निर्णय किया है। इसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्टूबर मास की अपनी मन की बात में पुनः दोहराया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित समाज में चलने वाली अन्य संस्थाएं भी वंदेमातरम् की 150 वीं जयंती मना रही है। देश भक्ति के साथ सांस्कृतिक महत्व को समाज तक ले जाने का यह प्रयास सराहनीय है ।

23 जून 1757 को बंगाल में स्थित प्लासी के मैदान में हुए नवाब सिराजुद्दौला एवं लार्ड क्लाइव के मध्य हुए युद्ध में भारत को ब्रिटिशों द्वारा पराजय मिलने के कारण भारत का स्वतंत्रता सूर्य अस्त हो गया। इस पराजय के पश्चात भारत का शेष क्षेत्र भी ब्रिटिशों के अधीन आ गया और हम ग़ुलाम हो गए। हमारी अवस्था का वर्णन करते हुए रूस के प्रसिद्ध दार्शनिक टॉलस्टॉय ने कहा कि 'एक व्यापारी कंपनी ने 20 करोड़ जनसंख्या वाले राष्ट्र को गुलाम बना दिया, केवल 30 हजार लोगों को अपने अंदर लाकर।'

गुलामी के कालखंड में अपने देश की दुर्दशा देखकर समाज के मन में भारत माँ को गुलामी से मुक्ति की आकांक्षा भी हिलोरे मारने लगी थी। समाज के अलग-अलग वर्गों में स्वतंत्रता का शंखनाद भी प्रारंभ हो गया था। माँ काली के अनुयायी एवं गुरु गोरखनाथ की परम्परा से जुड़े संतों ने गाँव-गाँव 'अलख निरंजन' का उद्घोष कर स्वतंत्रता देवी को जागृत किया। संथाल जनजाति में जन्में दोनों भाई सिद्धू-कानू ने 1885 में 10 हज़ार संथालियों के साथ 'अपनी भूमि अपनायेंगे , अपनी सरकार बनायेंगे।' का उद्घोष किया। अंग्रेज़ों के विरुद्ध 1857 का संगठित सशस्त्र आंदोलन का भी सूत्रपात हुआ।

समाज में प्रज्ज्वलित देश भक्ति के वातावरण में 27 जून 1938 को एक महापुरुष का जन्म हुआ जिनको नाम मिला बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय। कुशाग्र बुद्धि, देवनागरी, बंगला, अंग्रेजी के विद्वान थे बंकिम बाबू। जैस्सोर (अब बांग्लादेश)में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त हुए । अंग्रेजों के अत्याचार एवं यातनाओं को देखकर साहित्य के माध्यम से समाज जागृति लाने का संकल्प करते हुए उन्होंने अनेक लेखों, निबंधों एवं उपन्यासों की रचना की। जिसमें श्री कृष्णचरित्र, दुर्गेश नंदिनी,राज सिंह, चंद्रशेखर जैसी कृतियां प्रसिद्ध है । उन्होंने अपने समस्त लेखन से अंग्रेजी शासन की दुर्नितियों को ही समाज के सम्मुख लाने का कार्य किया। इन्हीं उपन्यासों में से एक विश्व प्रसिद्ध सन्यासी विद्रोह को आधार देकर एक कृति प्रसिद्ध हुई 'आनंदमठ'। जिसमें राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की उपस्थिति हुई। आनंदमठ में वर्णित वंदेमातरम् जिसका गायन भारत माता की स्तुति के स्वरूप में सन्यासी करते हैं वह लालगोला केंद्रित मुर्शिदाबाद एवं नदियां (बंगाल) जिले में स्थित है।




7 नवंबर 1875 को वंदेमातरम् गीत की रचना हुई । यह शुभ दिन भारतीय कालगणना में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी थी । यह शुभ दिवस अक्षय नवमी होने के कारण जगद्धात्री की पूजा का दिवस है । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गुरुवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा वन्देमातरम् का गायन हुआ। जिसकी प्रस्तुति राग मल्हार में हुई। 1896 के बाद कांग्रेस के अधिवेशनों में वंदेमातरम् गायन एक परंपरा बन गई।

बंगाल से उठने वाले स्वतंत्रता आंदोलन को विभाजित करने के लिए अंग्रेजों ने बंग-भंग की योजना का क्रियान्वयन किया। जिसकी घोषणा 16 अक्टूबर 1905 को उन्होंने की। बंगाल का प्रभाव कम करना, बंगाली क्रांतिकारियों का प्रभाव कम करना है एवं हिंदु - मुस्लिमों का विभाजन बंग-भंग का उद्देश्य था । विभाजन से पूर्व ही दूरदर्शी नेतृत्व ने 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया । प्रत्येक आने वाला व्यक्ति एक ही उद्घोष कर रहा था वंदेमातरम् । 16 अक्टूबर को आयोजित दुख - दिवस के अवसर पर आनंद मोहन बसु एवं सुरेंद्र नाथ बनर्जी के नेतृत्व में सेंट्रल मैदान कलकत्ता में 50,000 लोग वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए 3.5 किलोमीटर नग्न पाद चलकर आए । मन्मथ नाथ मित्र के नेतृत्व में 'वंदेमातरम् संप्रदाय' की रचना हो गई । अंग्रेजों की सजा के विरोध में एक युवक ने 500 बार वंदेमातम लिखा । क्रांतिकारी कोड़े खाते थे और वंदे मातरम बोलते थे । जिस कारण अंग्रेजों ने वंदेमातरम् उद्घोष पर ही प्रतिबंध लगा दिया । अब वंदेमातरम् संपूर्ण देश ही नहीं, स्वतंत्रता का संकल्प लेकर कार्य करने वाले विदेशस्थ क्रांतिकारियों का भी मंत्र बन गया । हजारों लोग 14 अप्रैल 1906 असमके बिहु उत्सव में छाती पर वंदेमातरम् का बैच लगाकर आए । 22 दिसंबर 1908 को दशम गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस पर लंदन स्थित इंडिया हाउस में वंदेमातरम् का गायन हो गया । 22 अगस्त 1907 को स्टाट गार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में मैडम कामा द्वारा वंदेमातरम् का गायन हुआ। कनाडा- अमेरिका में स्थित क्रांतिकारी परस्पर मिलने पर अन्य संबोधन छोड़कर वंदेमातरम्-ही बोलने लगे। भगिनी निवेदिता द्वारा निर्मित ध्वज पर वंदेमातरम् अंकित हो गया । महर्षि अरविन्द ने वंदेमातरम् समाचार पत्र प्रकाशित करने पर अंग्रेजों द्वारा सजा पायी। महाकवि सुब्रमण्यम द्वारा तमिल में वंदे मातरम् का अनुवाद एवं महात्मा गाँधी जी द्वारा गुजराती में तथा अन्य भाषा तेलुगु, कन्नड़, मलयालम एवं उर्दू में भी अनुवाद हुआ। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार द्वारा नागपुर के नील सिटी विद्यालय निरीक्षण के समय अंग्रेज इंस्पेक्टर का वन्देमातरम् के साथ स्वागत किया गया। इस सभी के कारण वंदेमातरम् ने स्वतंत्रता के दीवानों के लिए मंत्र का रूप ले लिया ।

स्वतंत्रता के साथ-साथ वन्देमातरम् स्वदेशी का भी मंत्र बना। बंग-भंग की घोषणा के दिन दुख-दिवस के आयोजन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राखी बांधकर स्वदेशी का संकल्प कराया । उस दिन 'विदेशी वस्तुओं का तिरस्कार एवं स्वदेशी का संकल्प' लिया। विदेशी वस्तुओं की होली जलाते समय 'ॐ वंदेमातरम् राष्ट्राय स्वाहा' के मंत्र का उच्चारण हुआ । एक ही दिन में स्वदेशी प्रचार के लिए 70,000 रुपए का दान आया। स्वदेशी का संकल्प लेते समय महिलाओं ने संकल्प किया कि विवाह के समय वह करघे पर बनी हुई बंगाली साड़ी एवं हाथ में कांच की नही, शंख की स्वदेशी चूड़ियां ही पहनेंगी। अंग्रेजों द्वारा निर्मित वस्तुओं के विरोध में भारत में स्वदेशी कंपनियां जन्म लेने लगी उदाहरण स्वरूप तूतूकुड़ी (तमिलनाडु) में स्वदेशी नेविगेशन जैसी अनेक कंपनियों का जन्म हो गया। लोकमान्य तिलक वंदेमातरम् एवं स्वदेशी के आधार बन गए। वीर सावरकर ने वंदेमातरम् बोलकर विदेशी वस्तुओं की होली जलाई। लाला लाजपत रायने वन्देमातरम् बोलकर लाठी के प्रहार सहन किए ।। अब आनंदमठ से निकलकर वंदेमातरम् संपूर्ण देश के लिए स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वदेशी का भी मंत्र बन गया।

अंग्रेजों के षड्यंत्र का परिणाम भी धीरे-धीरे प्रकट हुआ। जो मंत्र देशभक्तों की प्रेरणा बना उसमें कुछ लोगों को बुतपरस्ती नजर आने लगी। 1923 के काकीनाड़ा के कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन अध्यक्ष मोहम्मद अली ने यह कहकर कि इस्लाम में मूर्ति पूजा एवं संगीत स्वीकार नहीं है,वंदेमातरम् गायन का विरोध किया । जबकि बदरुद्दीन तैयब, मोहम्मद रहीमतुल्ला सयानी, नवाब सैय्यद मोहम्मद बहादुर, डॉ. एमए अंसारी जैसे मुस्लिम अध्यक्षों ने कभी वन्देमातरम् का विरोध नहीं किया । 1915 से सतत वंदेमातरम् का गायन करने वाले महान देशभक्त विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने यह कहकर कि यह किसी व्यक्ति नहीं कांग्रेस का मंच है वंदेमातरम् का संपूर्णगायन किया। लेकिन इस विरोध के कारण कांग्रेस नेतृत्व झुकता चला गया। पूर्ण वंदेमातरम् के स्थान पर दो ही पदों का गायन प्रारंभ किया एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा एक पत्र के द्वारा सूचित किया गया कि दो चरण ही गाये जाए एवं अन्य कोई इसके स्थान पर दूसरा गाना भी गा सकते हैं ।

15 अगस्त 1947 को श्रीमती सुचेता कृपलानी ने वन्देमातरम् का गायन एवं सरदार पटेल के आग्रह पर आकाशवाणी पर प्रसिद्ध संगीतज्ञ ओंकारनाथ ठाकुर द्वारा संपूर्ण वंदेमातरम् का गायन हुआ। तत्कालीन नेतृत्व द्वारा अलग-अलग प्रकार के हास्यपूर्ण तर्क देकर वंदेमातरम् के स्थान पर जनगणमन को राष्ट्रगान का स्थान दिया गया । जिसके संबंध में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने कहा कि ' मैं ऐसी कांग्रेस की कल्पना भी नहीं कर सकता जो वंदेमातरम् को राष्ट्रगान से नकारती है।' धन्य प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जिन्होंने 24 जून 1950 को दोनों ही गीत वंदेमातरम् एवं जनगणमन को राष्ट्रगान का सम्मान दिया एवं सभा की समाप्ति पर सभी ने वंदेमातरम् कहकर परस्पर अभिवादन किया। अभी - अभी संपन्न हुई 31 अक्टूबर 2025 को एकता परेड में अलग-अलग वाद्य यंत्रों के माध्यम से वंदेमातरम् की संगीतमय प्रस्तुति उन सभी प्रश्नों का उत्तर मिलते हुए भी हम सबने देखा है ।

विभाजन के जो बीज साम्राज्यवादियों ने हमारे देश में बोए थे एवं अदूरदर्शिता के कारण हमारा जो तत्कालीन नेतृत्व उसमें फंस गया था, वह आज अलगाववादी वृक्ष के रूप में हमारे सम्मुख खड़े हैं । 1947 में भारत के विभाजन की विभीषिका भी हम देख ही चुके हैं। पुनः ऐसा न हो पाए ,हम सांस्कृतिक एकता के आधार पर एकजुट हों इसकी आवश्यकता है । वंदेमातरम् गीत उसी सांस्कृतिक एकता का गीत है । वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती इसी संकल्प पूर्ति में सहायक बनेगी। इस शुभ अवसर पर सम्पूर्ण देश आनंद, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का गायन करें।

*- लेखक राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा*

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब–किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ–साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन–देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब–किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा।

*- विनोद गुप्ता, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बिहार में 'स्वर्णयुग'



आरजेडी के 15 वर्षों के कुशासन ने बड़े-बड़े दुर्दांत जातीय नरसंहार बिहार के अंदर करवाए थे। यहां अधिकारी नहीं, अपराधी सत्ता के समानांतर व्यवस्था का संचालन करते थे। मगर आज एनडीए के नेतृत्व में बिहार का 'स्वर्णयुग' चल रहा है। यहां एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### अवैध संपति



जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ की अवैध संपति मिली है तो सोचिए उनके पास खुद कितनी दौलत होगी और उनके उस 'ऊपरवाले' के पास कितनी, जिनके आशीर्वाद से वो बचे हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### सबसे बड़ा आदिवासी



हेमंत सोरेन ने हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद उनके बेटे हाफिजुल हसन को मंत्री बनाया था, लेकिन रामदास सोरेन के निधन के बाद उनके बेटे को मंत्री नहीं बनाया क्योंकि रामदास सोरेन आदिवासी थे। हेमंत खुद को सबसे बड़ा आदिवासी समझते हैं, बाकी आदिवासियों को हीन समझते हैं।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### महिलाओं के अधिकार



भारतीय महिलाओं को कितनी बार अपनी ताकत, लचीलापन और अपने राष्ट्र का सच्चा गौरव साबित करना पड़ता है? और फिर भी उन्हें अपनी गरिमा, सम्मान और अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# पाक में पुरातात्विक खुदाई में आठ स्थलों का पता चला



पाकिस्तान के उत्तर–पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात से तक्षशिला तक फैले क्षेत्र में चल रही पुरातात्विक खुदाई के दौरान आठ प्राचीन स्थलों का पता चला है जिसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इटली के पुरातत्वविदों ने खैबर पख्तूनख्वा पुरातत्व निदेशालय के सहयोग से इन प्राचीन स्थलों का पता लगाया है। स्वात के बारिकोट में लगभग 1,200 साल पुराने एक छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का दुर्लभ प्रमाण है। इतालवी पुरातत्व मिशन के निदेशक डॉ. लुका ने बताया कि बारिकोट (प्राचीन बज़ीरा) में खुदाई के दौरान छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर और आसपास की पुरातात्विक परतों के चारों ओर एक सुरक्षात्मक 'बफर ज़ोन' स्थापित करने के लिए खुदाई क्षेत्र का विस्तार स्वात नदी की ओर कर दिया गया है। 'खैबर पथ परियोजना' नामक इस तीन वर्षीय पहल के तहत, 400 से अधिक स्थानीय श्रमिकों को खुदाई, संरक्षण और विरासत प्रबंधन में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ–साथ रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। एक जून से शुरू हुई इस परियोजना का उद्देश्य प्रांत में क्षेत्रीय विकास, व्यावसायिक क्षमता निर्माण और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

## ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है



दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव–मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है – और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है – कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो – अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ – आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






प्रचार के अंतिम दिन पक्ष विपक्ष के तमाम दिग्गज मैदान में उतरे

# पीएम ने महिलाओं के साथ नमो एप से किया संवाद ,बिहार का विकास एनडीए के नेतृत्व में ही संभव , जंगलराज वाले सबसे बड़ी हार देखेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन नमो ऐप के ज़रिए राज्य की महिलाओं से बातचीत करते हुए, पीएम मोदी ने आरजेडी और कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जंगलराज के लोग अपनी सबसे बड़ी हार देखेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार का विकास एनडीए के नेतृत्व में ही संभव है। प्रधानमंत्री मोदी ने पन्ना प्रमुखों से आग्रह किया कि वे सुनिश्चित करें कि उनकी सूची में शामिल सभी महिलाएं मतदान करें। बिहार चुनाव के पहले चरण के लिए आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को होगा।

मोदी ने कहा कि बिहार की जनता ने विधानसभा चुनावों में एनडीए को विजयी बनाने और पिछले 20 सालों का रिकॉर्ड तोड़ने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि बिहार का विकास एनडीए के नेतृत्व में ही संभव है। एनडीए सरकार ने महिलाओं के जीवन को आसान बनाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, बिजली का खर्च कम हुआ है। हम बिहार के कई शहरों में मेट्रो शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

मोदी ने कहा कि मैंने इस चुनाव को करीब से देखा है और एक बात कह सकता हूँ कि एनडीए इस चुनाव में भारी बहुमत से जीत रहा है। मुझे एनडीए की जीत पर कोई संदेह नहीं है। बिहार की जनता ने मन बना लिया है कि इस बार वे एनडीए को विजयी बनाकर पिछले 20 सालों का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। 'जंगलराज' के लोग अपनी सबसे बड़ी हार देखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सुशासन होता है, कानून-व्यवस्था होती है, तो महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा, बिहार की महिलाएं उद्यमी बनकर दूसरों को रोज़गार भी दे रही हैं। मुद्रा योजना के ज़रिए सपने साकार हो रहे हैं। जीविका दीदी और डेयरी योजनाओं ने आत्मनिर्भर बनने की ताकत दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार की प्रगति ने गरीबों, महादलितों, पिछड़ों और अति पिछड़े वर्गों सहित सभी वर्गों के दिलों में जगह बनाई है।

## महिलाएं जंगलराज के खिलाफ दीवार बनकर खड़ीं


महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पीएम मोदी।

*पीएम मोदी ने जंगल राज का जिक्र किया और पूछा कि आपलोग जब नई पीढ़ी को यह बात बताते हैं तो उनका क्या रिएक्शन होता है। इस पर संवाद में मौजूद महिला ने उस दौरान की घटना का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अब बिहार की महिलाएं जंगलराज के खिलाफ दीवार बनकर खड़ी हैं। बिहार की महिलाएं अब दिन हो या रात घर से बाहर निकलकर काम कर रही हैं।*

## जुलूस निकालकर लोगों को वोट देने ले जाइए

पीएम मोदी ने महिला कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव को उत्सव में बदल दिया है। बिहार में एनडीए की जीत तय है, बहुत भारी जीत होगी। एनडीए के कामों ने गरीब, दलित, पिछड़े, महादलित सबके जीवन में बदलाव लाया है। मोदी ने महिला कार्यकर्ताओं से कहा, "अब वक्त है हर घर तक पहुंचने का। बूथ ही जीत की नींव है। जुलूस निकालिए, लोगों को मतदान केंद्र तक लेकर जाइए।

शाह का राहुल-तेजस्वी पर तंज

## घुसपैठियों को बचाने यात्रा निकालते रहे

दरभंगा में एनडीए के लिए चुनावी प्रचार करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने वोट अधिकार यात्रा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली गई यात्रा थी। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस पर छठी मैया के अपमान का भी आरोप लगाया ये कितनी भी यात्रा निकाल लें, लेकिन हम देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकालने का काम करेंगें।



### 160 से ज्यादा सीटें जीतकर एनडीए बनाएगी सरकार

शाह ने दावा किया है कि इस बार बिहार में एएनडी की जीत तय है और गठबंधन 160 से ज्यादा सीटें हासिल कर सत्ता में वापसी करेगा।अमित शाह ने साफ कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार ही होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व करते रहेंगे। हम 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे और बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी।

रैली में गरजे राहुल

## मोदी सरकार पूंजीपतियों की, किसानों की नहीं

प्रचार अभियान के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। औरंगाबाद जिले के कुटुंबा में आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान राहुल ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब किसानों की जमीन छीनकर उद्योगपति गौतम अडाणी को सौंप दी।



राहुल के इस बयान से बिहार में चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। राहुल ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ही नहीं है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथ में नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल है। नीतीश कुमार की सरकार अब बिहार में कभी नहीं बन सकती। ये लोग वोट चोरी की कोशिश करेंगे आपको सतर्क रहना है, मतदान केंद्रों पर ध्यान से रहना है। ये फिर से वोट चोरी करने की कोशिश करेंगे और हमारे कार्यकर्ता और बिहार की जनता इन्हें रोकेगी।

## केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ एफआईआर, मोकामा में फिसली जुबान

केंद्रीय मंत्री कार्तिके वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ़ ललन सिंह के ख़िलाफ़ चुनाव आयोग ने एफ़आईआर दर्ज कर साफ़ कर दिया है कि चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। सिंह ने मोकामा में भाषण देते हुए धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया तो राजद ने लपक कर आयोग से कार्रवाई की मांग की। आयोग एक्टिव हुआ। वीडियो की जांच की गई। आरोप सही पाया गया। एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया। इससे पहले मोकामा के विधायक अनंत सिंह को दुलारचंद यादव हत्याकांड में नामजद आरोपी होने के कारण आयोग के आदेश पर जेल भेजा गया। अब जेल में रहकर भी वे चुनावी मैदान में हैं।

अनंत के जेल जाने के बाद अब यहां पार्टी का मोर्चा 'ललन सिंह' ने संभाल लिया है। मगर प्रचार के बीच ललनके एक विवादास्पद बयान ने सियासी पारा चढ़ा दिया है। अनंत लंबे समय तक इस क्षेत्र में 'जनता के दबंग नेता' के तौर पर प्रभाव रखते थे। ललन न कई इलाकों में सभाएं कर जदयू कार्यकर्ताओं को जोश दिलाया और दावा किया कि "बिहार अब बदल चुका है, मोकामा में अब किसी को डराने या धमकाने की हिम्मत नहीं।" हालांकि, ललन के एक बयान ने विपक्ष को खुला मौका दे दिया। वीडियो में वे कहते सुनाई देते हैं "कुछ लोग हैं जिन्हें मतदान वाले दिन घर से निकलने मत देना, अगर बहुत हाथ-पैर जोड़ें तो सामने में वोट डलवा कर ही घर लौटाना।

इस बयान को विपक्षी दलों ने मतदाताओं को धमकाने की कोशिश बताया। राजद ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की। आयोग ने आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज करने का आदेश दिया।

जिला प्रशासन ने पुष्टि की कि बयान चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके बाद मोकामा थाने में ललन सके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। आयोग ने कहा कि किसी भी मंत्री या उम्मीदवार द्वारा मतदाताओं को भयभीत करने की भाषा स्वीकार्य नहीं होगी। जदयू ने इसे "राजनीतिक साज़िश" बताया। पार्टी प्रवक्ता नीरज ने कहा, ललन सिंह के बयान को संदर्भ से काटकर पेश किया गया है। उन्होंने किसी को धमकाया नहीं, बल्कि अनुशासन और शांति की अपील की थी।

महागठबंधन पर बरसे राजनाथ

## नौकरी के वादे पर पूछा धन कहां से आएगा?

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन कायम हुआ है और इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी मामला नहीं है। वैशाली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने एनडीए के पक्ष में मतदान की अपील की और कहा कि राजग सरकार ने बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अब पांचवे स्थान पर पहुंच गया है और जल्द तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि वे हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा कर रहे हैं, लेकिन यह नहीं बता पा रहे कि इसके लिए धन कहां से आएगा।

## राजद का क्या मतलब है जंगलराज...: नड्डा



*मधुबन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 'जंगलराज' वाले नए-नए चोले पहनकर और नए-नए लुभावने वादे करके लोगों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनका अतीत वही है, और आज भी वे 'गुंडाराज' और 'जंगलराज' के समर्थक हैं। राजद का क्या मतलब है? आर का मतलब 'रंगदारी', जे का मतलब 'जंगलराज' और डी का मतलब 'दादागिरी'। सिवान की जनता एनडीए के साथ है।*

### हमें राज्य के सभी लादेन को खत्म करना होगा: सरमा

असम सीएम और भाजपा के स्टार प्रचारक हिमंत बिस्व सरमा ने भी सीवान में गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में रघुनाथपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुछ ऐसा कह दिया, जिस पर हंगामा हो सकता है। दरअसल हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य में जितने भी ओसामा बिन लादेन हैं, उन सभी को खत्म करना होगा। असम सीएम ने अपने इस बयान से राजद प्रत्याशी और बाहुबली शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब पर निशाना साधा।

### तेजस्वी को बताया 'झुनझुना' देने वाला

तेजस्वी यादव ने संविदा कर्मचारियों को स्थायी करने, जीविका दीदियों को 30,000 वेतन देने, महिलाओं के बैंक खाते में 25,000 देने का वादा किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने आरजेडी और तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि ये सिर्फ जनता को भरमाने के लिए झुनझुना दे रहे हैं।



गिरिराज का पलटवार

### राहुल की शादी होगी तो जरूर आएंगे हम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि मोदी जी बिहार में ऐसे घूम रहे हैं, जैसे उनके बेटे की शादी हो।इस पर ही गिरिराज सिंह ने अब पलटवार किया है। उन्होंने खरगे के भाषण की वीडियो क्लिप को साझा करते हुए लिखा, "खड़गे जी, कांग्रेस के युवराज की भी अगर कभी शादी होती है तो उसमें जरूर आएंगे।



### नीतीश कुमार का महिलाओं को फिर से बड़ा तोहफा!

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर सीएम नीतीश ने अफवाहों पर विराम लगाते हुए ये कहा है कि किसी भी महिला को पैसे लौटाने की जरूरत नहीं है। बिहार की महिलाओं को 10-10,000 रोजगार के लिए दिए जा रहे हैं। इसे लौटाने की अफवाह फैलाई जा रही है तो सीएम ने अफवाहों का खंडन किया है और यह कहा है कि रकम महिलाओं को वापस लौटाने की जरूरत नहीं है।




## खबर संक्षेप



### रेनो इंडिया की बिक्री अक्टूबर में 21 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो इंडिया की अक्टूबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 4,672 इकाई हो गई। फ्रांस की कार विनिर्माता कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में 3,861 इकाइयों की थोक बिक्री की थी। रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) फ्रांसिस्को हिडाल्गो ने बयान में कहा, '' अक्टूबर में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसमें नई पेशकश ट्राइबर और किगर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया मुख्य वजह रही।''

### इंडिगो को 2,582 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को जुलाई-सितंबर तिमाही में 2,582.10 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी का पिछले वर्ष की इसी तिमाही में घाटा 986.7 करोड़ रुपये रहा था। इंडिगो ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय 19,599.5 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 17,759 करोड़ रुपये रही थी।

### रुपया 11 पैसे बढ़कर 88.66 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर 11 पैसे की बढ़त के साथ 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत डॉलर, विदेशी कोषों की निकासी और सुस्त घरेलू शेयर बाजार ने रुपये में तेज बढ़त को रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.55 पर खुला।

# न्यू हुंडई वेन्यू 65 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स के साथ लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साउथ कोरियन कार निर्माता हुंडई ने मंगलवार को भारतीय बाजार में अपनी मशहूर सब-फोर मीटर एसयूवी हुंडई वेन्यू के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल को आधिकारिक तौर पर बिक्री के लिए लांच कर दिया है। बीते दिनों कंपनी ने इस एसयूवी के तस्वीरों के साथ फीचर्स और स्पेसिफिकेशन को शेयर किया था। आकर्षक लुक और बड़े बदलाव के साथ पेश की गई नई हुंडई वेन्यू की शुरुआती कीमत 7,89,900 रुपए (एक्स-शोरूम) है। इस एसयूवी को पेट्रोल और डीज़ल दोनों इंजन विकल्पों में कई वेरिएंट्स के साथ पेश किया गया है। कार के एक्सटीरियर को इस तरह गढ़ा गया है कि यह हर एंगल से प्रीमियम और मजबूत दिखाई देती है। इसमें दिए गए ट्विन हॉर्न एलईडी डे टाइम रनिंग लाइट्स, क्वाड बीम एलईडी हेडलैम्प्स, और मस्कुलर व्हील आर्च डिजाइन इसे प्रॉपर एसयूवी लुक में ढालते हैं। वहीं, डार्क क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डायमंड कट एलॉय व्हील्स, और ब्रिज-टाइप रूफ रेल्स इसके स्पोर्टी और बोल्ड कैरेक्टर को और निखारते हैं। कार के किनारों पर उकेरी गई स्कल्प्टेड कैरेक्टर लाइन्स और इन-ग्लास वेन्यू एम्बलम इसके डिज़ाइन को बेहतर बनाते हैं। नई वेन्यू के एच-आर्किटेक्चर बेस्ड केबिन को फीचर रिच बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। अंदर दिया गया डुअल-टोन इंटीरियर (डार्क नेवी और डव ग्रे) आपको प्रीमियम फील देता है।

## नई हुंडई वेन्यू की एक्स शोरूम कीमत 7.89,900 रुपए से शुरू

### साइज में बड़ी है नई वेन्यू

नई वेन्यू 3995 मिमी लंबी, 1800 मिमी चौड़ी, 1665 मिमी ऊंची है और इसमें 2520 मिमी व्हीलबेस मिलता है। यह मौजूदा वेन्यू की तुलना में 48 मिमी अधिक ऊंची और 30 मिमी अधिक चौड़ी है। इसके अलावा, **SUV** में होराइजन एलईडी पोजिशनिंग लैंप, रियर होराइजन एलईडी टेल लैंप्स, सिग्नेचर सी-पिलर गार्निश, और डार्क क्रोम फ्रंट ग्रिल जैसे फीचर्स दिए गए हैं जो इसे सड़क पर और भी ज्यादा प्रीमियम प्रजेंस देने में मदद करेंगे।




### कलर ऑप्शन

नई वेन्यू को 6 मोनोटोन कलर ऑप्शन्स में पेश किया गया है, जिनमें मिस्टिक सैफायर, हेज़ल ब्लू, ड्रैगन रेड, टाइटन ग्रे, एटलस व्हाइट, और एबिस ब्लैक शामिल हैं। इसके अलावा, स्टाइल के शौकीनों के लिए कंपनी ने दो डुअल-टोन कलर कॉम्बिनेशन्स भी पेश किए हैं- हेज़ल ब्लू विद एबिस ब्लैक रूफ और एटलस व्हाइट विद एबिस ब्लैक रूफ. ये डुअल-टोन वेरिएंट्स कार को एक मॉडर्न लुक देते हैं।

## जी-20 की रिपोर्ट ने अमीर-गरीब के बीच बढ़ते खाई के लिए किया अलर्ट

# देश के 1 फीसदी अमीरों की बेशुमार बढ़ी संपत्ति, 23 साल में 62% का बड़ा इजाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति 2000 से 2023 के बीच 62 प्रतिशत बढ़ी है। दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता में जारी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में आगाह किया गया कि वैश्विक असमानता '' संकट '' के स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और जलवायु प्रगति को खतरा है।

■ वैश्विक असमानता अब आपात स्तर पर पहुंच चुकी है

वैश्विक असमानता पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की जी-20 असाधारण समिति ने पाया कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक प्रतिशत यानी सबसे अमीर लोगों ने 2000 और 2024 के बीच निर्मित सभी नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया जबकि निचली आबाधी के आधे हिस्से को केवल एक प्रतिशत ही मिला। इस समिति में अर्थशास्त्री जयति घोष, विनी बयानीमा और इमरान वालोदिया शामिल हैं।



### दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित

दुनिया की आधी आबादी अब भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। 1.3 अरब लोग अपनी आमदनी से स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च के कारण गरीबी में जी रहे हैं।''

### प्रति व्यक्ति आय में कमी आई

रिपोर्ट में कहा गया है कि मोटे तौर पर मापी गई अंतर-देशीय असमानता में कमी आई है क्योंकि चीन तथा भारत जैसे कुछ अधिक जनसंख्या वाले देशों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। इससे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उच्च आय वाले देशों की हिस्सेदारी कुछ हद तक कम हुई है।

### चीन में यह आंकड़ा 54 फीसदी रहा

इसमें कहा गया कि 2000 से 2023 के बीच सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने सभी देशों के आधे से अधिक देशों में अपनी संपत्ति का हिस्सा बढ़ाया है जो वैश्विक संपत्ति का 74 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, '' भारत के शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की इस अवधि (2000-2023) में संपत्ति 62 प्रतिशत तक बढ़ी। चीन में यह आंकड़ा 54 प्रतिशत रहा।''

### राजनीतिक इच्छा शक्ति से बदला जा सकता है

इसमें कहा गया है, '' अत्यधिक असमानता एक विकल्प है। यह अपरिहार्य नहीं है और राजनीतिक इच्छाशक्ति से इसे बदला जा सकता है। वैश्विक समन्वय से इसे काफी हद तक सुगम बनाया जा सकता है और इस संबंध में जी-20 की महत्वपूर्ण भूमिका है।''

### आईपीआई के गठन का प्रस्ताव


रिपोर्ट में वैश्विक रुझानों पर नजर रखने एवं नीति निर्माण में मार्गदर्शन के लिए जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) की तर्ज पर एक अंतरराष्ट्रीय असमानता समिति (आईपीआई) के गठन का प्रस्ताव किया गया है। दक्षिण अफ्रीका की जी20 की अध्यक्षता में शुरू होने वाला यह निकाय सरकारों को असमानता और उसके कारणों पर ''आधिकारिक एवं सुलभ'' आंकड़े उपलब्ध कराएगा।

### वैश्विक गरीबी में कमी लगभग रुक गई

रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च असमानता वाले देशों में समान देशों की तुलना में लोकतांत्रिक पतन की संभावना सात गुना अधिक है। इसमें कहा गया, '' वर्ष 2020 से वैश्विक गरीबी में कमी लगभग रुक गई है और कुछ क्षेत्रों में उलट गई है। 2.3 अरब लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं जो वर्ष 2019 से 33.5 करोड़ अधिक है।

# इस्पात की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को कहा कि बाजार में इस्पात की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या है। खासकर तब जब सरकार अगले पांच से सात वर्ष में इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

■ इस्पात सचिव पौंड्रिक इस्पात शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे

'इस्पात शिखर सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए पौंड्रिक ने कहा कि पांच साल पहले इस्पात की कीमतें अपेक्षा से अधिक थीं। उन्होंने कहा, '' हालांकि आज इस्पात की कीमतें अपेक्षा से कम हैं। इसलिए कीमत एक चुनौती है... छोटी कंपनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं।'' पौंड्रिक ने कहा कि कम कीमत के कारण लगभग 150 छोटी कंपनियों ने इस्पात का उत्पादन बंद कर दिया है। सचिव ने कहा, '' इसलिए ये लोग, छोटी कंपनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं। आपने अभी-अभी सभी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे देखे हैं, लगभग सभी के मुनाफे में कमी आई है।'' सचिव ने कहा, '' कीमत एक समस्या है, खासकर तब जब हमें अगले पांच से सात वर्ष में 10 करोड़ टन क्षमता में निवेश करना होगा।'' पौंड्रिक ने कहा कि दुनिया भर में खासकर चीन में अधिशेष उत्पादन और उसके परिणामस्वरूप 'डंपिंग' न केवल हमारे लिए, बल्कि हर देश के लिए...एक वास्तविक समस्या है। पौंड्रिक ने कहा, '' क्योंकि इसका असर कीमतों पर पड़ रहा है।'' सचिन ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू इस्पात कंपनियों को उचित मूल्य मिले।

### इस्पात उद्योग को संरक्षित करने की आवश्यकता

सचिव ने कहा कि देश की दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता के लिए इस्पात उद्योग को संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, '' यह एक रणनीतिक क्षेत्र है। यदि आप आयात पर निर्भर हो जाते हैं, तो आपको भू-राजनीतिक कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जैसा कि हम आज दुनिया में देख रहे हैं।''

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### संजय कुमार स्पाइसजेट में एमडी नियुक्त

**मुंबई।** घरेलू विमान कंपनी स्पाइसजेट ने अनुभवी विमानन पेशेवर एवं इंडिगो के पूर्व मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार को तीन नवंबर से कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की।

## राशिफल


**मेष** मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।


**वृष** व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


**मिथुन** लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।


**कर्क** कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।


**सिंह** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**कन्या** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।


**तुला** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।


**वृश्चिक** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


**धनु** नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।


**मकर** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।


**कुंभ** वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।


**मीन** आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

# एफआईआई की निकासी से सेंसेक्स व निफ्टी में गिरावट

## सेंसेक्स 519 अंक व निफ्टी 166 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 519 अंक का गोता लगा गया जबकि निफ्टी 166 अंक टूट गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और एशिया तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 519.34 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 565.72 अंक तक नीचे आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 165.70 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 3.13 प्रतिशत की गिरावट आई। सितंबर तिमाही के लाभ में गिरावट से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा इटर्नल, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।

■ एशिया व यूरोपीय बाजार में भी रहा कमजोर रुख




### आईटी, धातु व बिजली क्षेत्र में रही बिकवाली

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कमजोर वैश्विक संकेतों और खासकर आईटी, धातु और बिजली क्षेत्रों में व्यापक बिकवाली के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। छुट्टी के कारण कम कारोबारी दिन वाले सप्ताह को लेकर निवेशकों का रुझान सुस्त रहा।

वैश्विक संकेत कमजोर रहने से आई गिरावट

# सोना 1,200 रुपये टूटकर 1.24 लाख रुपये पर, चांदी कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की टिप्पणियों से अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने के बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जिससे लगातार दूसरे सत्र में इसकी गिरावट जारी रही। सोमवार को यह 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सराफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मजबूत अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के दबाव में मंगलवार को सोने में गिरावट आई। अधिकारियों ने अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की संभावना को खारिज कर दिया।'' विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना 7.84 डॉलर की गिरावट के साथ 3,993.65 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 47.73 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

■ चांदी में 2500 रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई



### चांदी लुढ़कर 1,51,500 रुपए प्रति किलो

चांदी भी मंगलवार को 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.12 प्रतिशत बढ़कर 99.99 पर पहुंच गया, जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है, जिससे कीमती धातुओं पर भी दबाव बढ़ा।

### पावरग्रिड में सतर्कता जागरुकता सप्ताह समापन समारोह आयोजित

**गुरुग्राम।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न सीपीएसई, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) के कॉर्पोरेट कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सचिव श्रीमती त्रिशाल जीत सेठी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में जी. रविशंकर, निदेशक (वित्त); डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी निदेशक (कार्मिक); नवीन श्रीवास्तव, निदेशक (प्रचालन); बुर्रावामसी राममोहन, निदेशक (परियोजना); और नवीन कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), पावरग्रिड उपस्थित थे।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEYAL_1214
REG. NO. UP15ET2732-YOM-2019

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
PUNIT PARASHAR (COMMERCIAL BANK, KMBL) <punit.parashar@kotak.com>

# चीन ने उड़ने वाली कारों का परीक्षण उत्पादन किया शुरू

**बीजिंग।** चीन की एक कंपनी ने उड़ने वाली कारों का इस सप्ताह परीक्षण उत्पादन शुरू किया है। यह अमेरिका की कंपनी टेस्ला और अन्य द्वारा जल्द ही ऐसी कार पेश करने की योजना से पहले किया जा रहा है। चीन की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी एक्सपेंग की सहयोगी कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने सोमवार को बड़े पैमाने पर उड़ने वाली कार बनाने के लिए दुनिया के पहले 'इंटेलिजेंस' कारखाने में परीक्षण उत्पादन शुरू किया। यह अगली पीढ़ी के परिवहन के व्यावसायीकरण में एक उपलब्धि है।

### 12,000 वर्ग मीटर में फैला संयंत्र

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण चीन के गुआंगदोंग प्रांत की राजधानी गुआंगझोउ के हुआंगपु जिले में स्थित 120,000 वर्ग मीटर के इस संयंत्र ने पहले ही अपने मॉड्यूलर फ्लाइंग कार 'लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर' का पहला अलग हो सकने वाला इलेक्ट्रिक विमान तैयार कर लिया है।


## शब्द पहेली - 6038



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रृंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -6037 का हल



## सूडोकु नवताल - 6048

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6047 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# आईसीसी विश्व कप टूर्नामेंट टीम में स्मृति, जेमिमा, दीप्ति शामिल, हरमनप्रीत को नहीं मिली जगह

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषित की गई टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में भारत की महिला क्रिकेट टीम के कप्तान हरमनप्रीत को जगह नहीं मिली है।दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें उसकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं। लौरा ने 71.37 की औसत से 571 रन बनाकर किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।



## दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को मिली जगह, कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट शामिल

### दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से किया प्रभावित

सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्द्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। रोड्रिग्स ने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 58.40 की औसत से 292 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से प्रभावित किया। उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाने के अलावा 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट हासिल किए। दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा 39 रन देकर पांच विकेट भी लिए। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।




### पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज शामिल

आईसीसी के अनुसार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम की तीन खिलाड़ियों एनाबेल सदरलैंड, ऐश गार्डनर और लेग स्पिनर अलाना किंग को भी टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज टीम में शामिल एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है, जिनकी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंची। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को भी टीम में शामिल किया गया है, जिनके अच्छे प्रदर्शन से उनकी टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। उनकी हमवतन नैट स्किवर-ब्रंट को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

### आईसीसी महिला विश्व कप टूर्नामेंट की टीम

1. स्मृति मंधाना (भारत)
2. लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका)
3. जेमिमा रोड्रिग्स (भारत)
4. मारिज़ेन काप (दक्षिण अफ्रीका)
5. ऐश गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)
6. दीप्ति शर्मा (भारत)
7. एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया)
8. नादिन डी क्लार्क (दक्षिण अफ्रीका)
9. सिदरा नवाज़ (विकेटकीपर) (पाकिस्तान)
10. अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया)
11. सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड)
12. नैट स्किवर-ब्रंट (इंग्लैंड)

## खबर संक्षेप




### चोट के कारण बीबीएल 15 से बाहर हुए अश्विन

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने का इंतजार था लेकिन घुटने की चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। अश्विन सिडनी थंडर टीम का हिस्सा थे। अश्विन ने पिछले साल के आखिर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से और अगस्त 2025 में आईपीएल से संन्यास ले लिया था, जिससे कि वह दुनिया भर की टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित कर सकें, जिसमें बीबीएल, द हंड्रेड और एसए20 शामिल हैं। अश्विन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आने वाले सत्र की तैयारी के लिए चेन्नई में ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में चोट लग गई। मैं बीबीएल 15 में नहीं खेल पाऊंगा। यह कहना काफी मुश्किल है। मैं इस समूह का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित था।' बीबीएल 15 की शुरुआत 14 दिसंबर से होगी।

### चैलेंजर ट्रॉफी में खेलेंगे द्रविड़ के बेटे अन्वय

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय को बुधवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चार टीमों में से एक में शामिल किया गया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर अन्वय को इस टूर्नामेंट के लिए टीम सी में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और युवा क्रिकेटरों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। बीसीसीआई के अनुसार, 'जूनियर चयन समिति ने पांच से 11 नवंबर, 2025 तक हैदराबाद में होने वाली आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों का चयन किया है।' आरोन जॉर्ज की अगुवाई वाली टीम सी शुक्रवार को वेदांत त्रिवेदी की अगुवाई वाली टीम बी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



### एशिया कप विवाद : रऊफ पर दो मैच का प्रतिबंध, सूर्यकुमार पर जुर्माना और बुमराह को डिमेरिट अंक

**दुबई।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर सितंबर में एशिया कप के दौरान खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए मंगलवार को जुर्माना लगाया गया। टूर्नामेंट के दौरान चार डिमेरिट अंक लगाये जाने से रऊफ को दो एकदिवसीय मैच के लिए निलंबित भी किया गया। रऊफ को भारत के खिलाफ दो अलग अलग घटनाओं के लिये 30-30 प्रतिशत जुर्माने की अलग अलग सजा सुनाई गई । इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मंगलवार से शुरू हुई वनडे श्रृंखला में दो मैचों के लिये वह प्रतिबंधित रहेंगे । वह छह नवंबर को होने वाले दूसरे मैच में भी नहीं खेलेंगे। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है ।

## यशस्वी ने 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से पूरा किया शतक

# रणजी ट्रॉफी में जायसवाल के 1 हजार रन पूरे, राजस्थान के खिलाफ ठोकी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

23 साल के यशस्वी जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में कमाल कर दिया। जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए शानदार शतक जड़ा। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बड़ी पारी खेली। इसी के साथ मुंबई के लिए उनके नाम 1 हजार रणजी ट्रॉफी रन हो गए हैं।

मुंबई की पहली पारी 254 रन पर सिमटने के बाद राजस्थान ने छह विकेट पर 617 रन बनाकर अपनी पहली घोषित की। इसके बाद दूसरी पारी में तीसरे दिन यशस्वी ने अर्धशतक पूरा कर लिया था। चौथे दिन यानी मंगलवार को अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए जायसवाल ने शतक पूरा किया। जायसवाल ने चौथे दिन 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया।

यह शतक जायसवाल का 2019 में डेब्यू के बाद से रणजी ट्रॉफी में केवल 21 पारियों में मुंबई के लिए पांचवां शतक है। 23 साल के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कुल 17 फर्स्ट क्लास शतक लगाए हैं, जिसमें सात टेस्ट शतक शामिल हैं।



### हरियाणा ने गुजरात को चार विकेट से हराया

**अहमदाबाद।** निचले क्रम के बल्लेबाजों पार्थ वत्स और यशवर्धन दलाल की उम्दा पारियों से हरियाणा ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन स्पिन की अनुकूल पिच पर गुजरात को चार विकेट से हरा दिया। गुजरात के 62 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा ने दो रन पर ही दो विकेट गंवा दिए। दोनों सलामी बल्लेबाज लक्ष्य दलाल और कप्तान अंकित कुमार चौथे ओवर तक ही पवेलियन लौट गए जबकि मयंक शांडिल्य (03) और निशांत सिंधू (13) भी नाकाम रहे, जिससे हरियाणा का स्कोर 23वें ओवर में छह विकेट पर 43 रन हो गया। विकेटकीपर यशवर्धन (नाबाद 14) और वत्स (नाबाद 13) ने हालांकि टीम का स्कोर छह विकेट पर 62 रन तक पहुंचाकर हरियाणा को जीत और छह अंक दिला दिए। बाएं हाथ के स्पिनरों विशाल जायसवाल (23 रन पर तीन विकेट) और सिद्धार्थ देसाई (25 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए।

### रेलवे ने हासिल किए तीन अंक असम को मिला एक अंक



गुवाहाटी में वर्षा से प्रभावित मैच में रेलवे के 224 रन के जवाब में असम की टीम 209 रन ही बना सकी। रेलवे ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए जबकि असम को एक अंक मिला। असम की ओर से स्वरूपम पुरकायस्थ ने नाबाद 121 रन बनाए। रेलवे की तरफ से आदर्श सिंह ने 48 रन पर छह विकेट चटकाए। रेलवे ने जब दूसरी पारी में एक विकेट पर 97 रन बनाए थे तब दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए।

### त्रिपुरा की बंगाल पर महत्वपूर्ण बढ़त

अगरतला में त्रिपुरा ने बंगाल के 336 रन के जवाब में 385 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की और तीन अंक जुटाए। बंगाल को एक अंक मिला। बंगाल ने दूसरी पारी में जब तीन विकेट पर 90 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए। त्रिपुरा की ओर से कप्तान मणिपुर मूरासिंह ने नाबाद 102 जबकि हनुमा विहारी ने 141 रन बनाए।

### उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया

दिल्ली में हुए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया। उत्तराखंड के 123 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेना की टीम 105 रन पर सिमट गई।

## शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में पहुंचे ग्रैंडमास्टर नारायणन




एजेंसी ▶▶| पणजी

भारत के एसएल नारायणन ने पेरू के स्टीवन रोजास को हराकर शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।

वह टाई ब्रेकर के जरिए राउंड ऑफ-128 में पहुंचने वाले पहले गैरवरीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पेरू के ग्रैंडमास्टर स्टीवन रोजास को 3-1 से मात दी। पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया और दो मुकाबले अपने नाम किए। अब उनका मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से होगा। उनके बाद भारत के दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगजियन से दोनों टाई-ब्रेकर गेम जीतकर क्वालिफाई किया।

■ अगला मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से

वह दूसरे दौर में अमेरिकी इयान नेपोम्नियाची से भिड़ेंगे। वी प्रणव ने अल्जीरिया के अला एद्दिने बौलरेन्स को 2-0 से, रौनक साधवानी ने डेनियल बैरिश को 1.5-0.5 से, एम प्रणेश ने सतबेक अख्मेदिनोव को 1.5-0.5 से मात दी।

### पहले दौर में हारकर बाहर हुईं दिव्या देशमुख

विश्वकप में एकमात्र महिला खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं। उन्हें पहले दौर में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर स्टामाटिस कौरकौलोस-आर्दितिस से दोनों मुकाबले हारकर बाहर हो गईं। भारत के अन्य शीर्ष खिलाड़ी डी.गुकेश, आर प्रगनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती को पहले दौर में बाय मिला है। वह अगले दौर में खेलते नजर आएंगे।



## आईसीसी वनडे रैंकिंग


### मंधाना को पीछे छोड़ नंबर एक बनीं वोल्वार्ट, जेमिमा टॉप-10 में शामिल




एजेंसी:दुबई।भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एक दिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स नौ स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ड्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 814 हासिल करने में सफल रही।

### वर्ल्ड कप जीतने के बाद शेफाली को मिली उत्तर क्षेत्र की कप्तानी

**नई दिल्ली।** महिला वनडे विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को नगालैंड में शुरू हो रही सीनियर अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को नवी मुंबई में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 21 वर्षीय शेफाली ने 87 रन बनाने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी लिए और उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने यह मैच 52 रन से जीत कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। शेफाली को चोटिल प्रतिका रावल की जगह सेमीफाइनल से पहले टीम में दिया गया था। नगालैंड में चार से 14 नवंबर तक होने वाली सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी में छह टीमें हिस्सा लेंगी। बीसीसीआई की क्षेत्रीय चयन समितियों ने अपनी-अपनी टीमों का चयन किया।




## ओलंपिक खेल में 49 किग्रा भार वर्ग से हटी मीराबाई चानू, अब 53 किग्रा में कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू का 49 किग्रा का भार वर्ग 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से हटा दिया गया है और अब उन्हें 53 किग्रा वजन वर्ग में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा लेकिन वह इसके लिए तैयार हैं।

चानू ने तोक्यो ओलंपिक में 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धाओं की कुल संख्या 12 कर दी है, जिससे 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में महिलाओं के लिए न्यूनतम वर्ग अब 53 किग्रा है।



### वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद

भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि 53 किग्रा तक वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद होगा लेकिन उन्होंने कहा कि मणिपुर की यह खिलाड़ी अगले साल एशियाई खेलों तक अपने पुराने वजन वर्ग में ही खेलती रहेगी। शर्मा ने कहा, 'यह (49 किग्रा वजन वर्ग को हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है क्योंकि अपना वजन 48 किग्रा तक कम करना काफी कठिन प्रक्रिया थी।' अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने कहा, 'आईओसी के लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में भारोत्तोलन कार्यक्रम को बढ़ाने के उत्साहजनक फैसले के बाद अब 12 स्पर्धाएं (छह पुरुष, छह महिलाएं) आयोजित की जाएंगी।'

## 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से होगी भिड़ंत

# राइजिंग एशिया कप टीम में वैभव सूर्यवंशी की एंट्री, जितेश कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आईपीएल में अपनी चमक बिखरने वाले प्रियांश आर्य को इस महीने दोहा में होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को 14 से 23 नवंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

भारत ए को ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान ए के साथ ग्रुप बी में रखा गया है, जबकि ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, हांगकांग, अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए शामिल हैं। भारत ए टीम 14 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से खेलेगी। जितेश अभी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं।

### 14 से 23 नवंबर तक दोहा में होगा टूर्नामेंट




#### भारत ए टीम

प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, जितेश शर्मा (कप्तान, विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा। स्टैंड-बाय खिलाड़ी: गुरनूर सिंह बराड़, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिज़वी, शेख रशीद।

### सूर्यवंशी पर होगी सबकी नजर

बीसीसीआई के अनुसार, 'सीनियर पुरुष चयन समिति ने कतर में होने वाले एशियाई क्रिकेट परिषद के राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन किया है। यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर 2025 तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।' सूर्यवंशी फिर से ऐसे खिलाड़ी होंगे, जिन पर सबकी नजर रहेगी। उन्होंने इस साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 101 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे युवा शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने ब्रिस्बेन में भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अंडर-19 युवा टेस्ट में भी शतक बनाया था।

### 14वें स्थान पर हरमनप्रीत

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गयीं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप अब सोफी एक्लेस्टोन को शीर्ष स्थान से हटाने के करीब पहुंच गई हैं। उनके अब 712 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



उत्तर रेलवे

निविदा सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल के DLI-BTI खंड में "थिक वेब स्विच" (Thick Web Switches) प्रदान करने के संबंध में सिग्नल और दूरसंचार (S&T) का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत | रू. 78,79,421.73 /– |
| धरोहर राशि | रू. 1,57,600.00 /– |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 03.11.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 25.11.2025 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या : 558-Sig-16-M -TENDER - 1465 दिनांक 03.11.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3416/2025

# थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खड़गा कोर का किया दौरा, सैनिकों का बढ़ाया हौसला

## सीमा से ड्रोन फ्रंट तक भारत की तैयारी

सेना प्रमुख ने कहा कि रोबोट और डेटा वॉरफेयर ने भी इन्फैंट्री को नई दिशा दी है। इसकी एक मजबूत तस्वीर खड़गा कोर में देखने को मिलती है। यहां ड्रोन जैसी तकनीक को व्यापक स्तर पर उपयोग में लाया जा चुका है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी लगातार सैन्य तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। कई सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर चुके सेना प्रमुख ने अब ड्रोन तैयारियों का निरीक्षण किया। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हरियाणा के अंबाला स्थित खड़गा कोर का दौरा किया। यहां उन्होंने ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें युद्धक क्षमता को सुदृढ़ करने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण, अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ी पहलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

वर्तमान युद्ध में ड्रोन व एआई अहम भूमिका में



थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जवानों से की बात

मानवीय सहायता गतिविधियों की प्रशंसा की



ड्रोन तैयारियों की जानकारी लेते हुए सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी

### उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की

सेनाध्यक्ष ने जहां यहां ड्रोन तैयारियों की जानकारी ली वहीं उन्होंने कोर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना भी की। उन्होंने ड्रोन डिजाइन एवं प्रशिक्षण में नवाचार, रसद और प्रशासन में उन्नत तकनीकी समाधान अपनाने, पूर्व सैनिकों व परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा ऑपरेशन राहत के अंतर्गत मानवीय सहायता गतिविधियों की प्रशंसा की। थलसेना प्रमुख ने यह भी रेखांकित किया कि खड़गा कोर द्वारा सैन्य-नागरिक एकीकरण को प्रोत्साहन देकर सुरक्षा की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है।

### रोबोट और डेटा वारफेयर ने दी नई दिशा

इसके अलावा रोबोट और डेटा वारफेयर ने भी इन्फैंट्री को नई दिशा दी है। इसकी एक मजबूत तस्वीर खड़गा कोर में देखने को मिलती है। यहां ड्रोन जैसी तकनीक को व्यापक स्तर पर उपयोग में लाया जा चुका है। सेनाध्यक्ष का यह दौरा न केवल कोर की तैयारियों का मूल्यांकन था, बल्कि यह सैनिकों के उत्साहवर्धन और भारतीय थलसेना की सतत आधुनिकीकरण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### अटूट समर्पण की प्रशंसा की

यहां मौजूद सभी अधिकारियों और जवानों के साथ बातचीत के दौरान, जनरल द्विवेदी ने उनकी पेशेवर दक्षता, निष्ठा और राष्ट्र सेवा के प्रति अटूट समर्पण की प्रशंसा की। भारतीय सेना की शक्ति उसके कर्मयोगियों की प्रतिबद्धता, साहस और अनुशासन में निहित है, और यही भावना सेना को हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाती है।

## अमेरिका में ट्रक चलाना है तो अंग्रेजी आनी ही चाहिए...

### इस साल अंग्रेजी के टेस्ट में फेल हुए 7 हजार ट्रक ड्राइवरों को नौकरी से किया गया बाहर

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अभी अमेरिका में ड्रग्स के नशे में तीन लोगों की जान लेने वाले भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर का मामला पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ था कि अब अमेरिका से ट्रक ड्राइवरों के लिए एक और बुरी खबर सामने आ गई है। जिसमें यह कहा गया है कि जिन कॉमर्शियल ट्रक ड्राइवरों को अंग्रेजी भाषा को पढ़ना और बोलना नहीं आएगा। उन्हें या तो अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ेगा या इसके अलावा उन्हें अमेरिका में ट्रक चलाने की अनुमति (लाइसेंस) नहीं मिलेगी। अमेरिका के यातायात सचिव सेन डफी ने कहा कि इस साल अंग्रेजी भाषा से जुड़े हुए टेस्ट में फेल होने की वजह से करीब 7 हजार से अधिक ट्रक ड्राइवरों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। हमारा मानना है कि इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के हैं। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में लगभग डेढ़ लाख सिख, ट्रक उद्योग से जुड़े हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर भारत के हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों से ताल्लुक रखते हैं। यातायात का नया अमेरिकी नियम इस बात की बाध्यता करता है कि ट्रक चालकों को अनिवार्य रूप अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। जिसमें सड़क पर आवाजाही के दौरान आम जनता से बातचीत के अलावा सड़क मार्ग पर लिखे हुए निर्देशों को पढ़ना और जरूरी दिशा सूचकों को भी अंग्रेजी में पहचानना शामिल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संबंध में 2025 में एक कार्यकारी आदेश भी जारी किया हुआ है। जिसका क्रियान्वयन अमेरिकी यातायात विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से मिली यह जानकारी

# भारत-इजरायल ने आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता को लेकर जताई प्रतिबद्धता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इजरायल आतंकवाद और उसके भिन्न-भिन्न रूपों, अभिव्यक्तियों की चुनौती का लंबे वक्त से सामना कर रहे हैं। ऐसे में ये आवश्यक हो जाता है कि दोनों इस वैश्विक समस्या के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एकजुटता से काम करें। मंगलवार को राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और उनके समकक्ष विदेश मंत्री गिदोन सार के बीच हुई द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में भी इस मामले की जोरदार अंदाज में गूंज सुनाई दी। दोनों पक्षों ने समय की कसौटी पर खरी उतरी विश्वास और भरोसे वाली अपनी साझेदारी का उल्लेख करते हुए आतंकवाद की समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की है। वार्ता में दोनों देशों के आपसी सहयोग के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी गहनता से विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि गाजा में बने हुए तनाव के बीच इजरायल के विदेश मंत्री बीते सोमवार से अपनी पहली तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। जिसके तहत उनकी डॉ.जयशंकर के साथ यह बैठक हुई। सार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी मुलाकात कर सकते हैं।

### इजरायली क्षेत्र पर भारत की नजरः जयशंकर

बैठक में डॉ.जयशंकर ने कहा कि भारत और इजरायल दोनों देश आतंकवाद का सामना कर रहे हैं। जिसे देखते हुए यह जरूरी हो जाता है कि दोनों इसके खिलाफ शून्य सहिष्णुता को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण के मद्देनजर साथ मिलकर काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि हम इजरायली क्षेत्र में जारी घटनाक्रमों पर भी बेहद बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। भारत गाजा पट्टी के इलाके में हालिया हुई बंधकों की रिहाई और उनकी वापसी का स्वागत करता है। साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना को अपना समर्थन प्रदान करता है। हम उम्मीद करते हैं कि इसकी मदद से क्षेत्र में समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में गिदोन सार के साथ हुई बैठक को शानदार बताते हुए कहा कि इसमें 'विभिन्न क्षेत्रों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर उपयोगी चर्चा हुई। आतंकवाद के सभी रूपों, अभिव्यक्तियों के प्रति हमारी शून्य सहिष्णुता की एक बार फिर से पुष्टि की गई। क्षेत्र के घटनाक्रमों, गाजा शांति योजना व एक स्थायी समाधान के प्रयासों पर इजरायली दृष्टिकोण साझा करने के लिए मैं, विदेश मंत्री सार की सराहना करता हूं। हमारी बातचीत में बहुपक्षीय मंचों पर हमारे सहयोग को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया'। बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच प्रशिक्षण पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**बोले गिदोन सार, हमास को निशस्त्र करने, गाजा को विसैन्यीकृत करने के मामले पर इजरायल नहीं करेगा कोई समझौता**



### हमास को हथियार डालने पड़ेंगेः सार

इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने बैठक में आतंकवाद को दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से खतरा बताते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। साथ ही कहा कि इजरायल आतंकवादी राज्य के रूप में एक अनोखी स्थिति का सामना कर रहा है। जिसमें गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हूती जैसे कट्टरपंथी आतंकवादी राज्यों ने बीते दशकों में खुद को स्थापित किया है। हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए इन्हें उखाड़ फेंकना आवश्यक है। हमास आतंकी राज्य का उन्मूलन राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना के भी केंद्र में है। उन्होंने कहा कि हमास को निशस्त्र करने के साथ ही गाजा के इलाके को विसैन्यीकृत किया जाना चाहिए। इस मामले को लेकर इजरायल कोई समझौता नहीं करेगा।

### भारतीय कर्मियों के मुद्दों पर ध्यान देंगे

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बैठक में इजरायल में बड़ी तादाद में काम कर रहे भारतीय कर्मियों के मामले को भी उठाया। उन्होंने कहा कि ये दोनों देशों के बीच गतिशीलता को लेकर बनी आपसी समझ का परिणाम है। कर्मियों के हालांकि कुछ मुद्दे हैं, जिन पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। मुझे उम्मीद है कि हम अपने संबंधों में भी इस बिंदु पर गौर फरमाएंगे। सेमीकंडक्टर और साइबर में सहयोग को लेकर हमारा इतिहास रहा है। जो वर्तमान में और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। भारत अगले साल 2026 के फरवरी महीने में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करने जा रहा है। जिसमें हमें इजरायल की मौजूदगी का इंतजार रहेगा। दोनों देशों के बीच सामरिक भागीदारी रही है। आपकी यात्रा से हमारे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और भविष्य में उसे अधिक गहराई प्रदान करने के अवसरों को तलाशने का मौका मिला है। इस दिशा में हालिया संपन्न हुआ द्विपक्षीय निवेश समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है। जयशंकर ने बीते वक्त में इजरायल के कृषि, आर्थिक, पर्यटन और वित्त मंत्री की स्वदेश यात्राओं का भी जिक्र किया।

### भारतीय उद्योगों की काम करने की मंशा

उन्होंने कहा, हालिया समय में भारत ने खासतौर पर रेल, सड़क, बंदरगाह, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्षमताएं विकसित की हैं। हमारे उद्योग भी इजरायल में काम करने की संभावनाओं को तलाशने के इच्छुक हैं, जिसे हम भी लगातार ज्यादा तवज्जो देना चाहते हैं। कृषि और नवाचार के क्षेत्रों में भी साथ मिलकर काम करने का भारत और इजरायल का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। जो हमारे साझा हितों से भी जुड़ा है। बातचीत में सामरिक सहयोग के मद्देनजर क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर किए गए विचारों के आदान-प्रदान को दोनों पक्ष काफी महत्व देते हैं।

### भारत और रोमानिया के बीच बैठक

# निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को करेंगे मजबूत



जितिन प्रसाद और रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया त्सोइउ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-रोमानिया व्यापार समझौता को लेकर दोनों देशों के बीच मंगलवार को बुखारेस्ट में अहम बैठक हुई। इस बैठक में भारत के वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया त्सोइउ शामिल हुईं। दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। बैठक के दौरान तय हुआ कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच चल रही मुक्त व्यापार वार्ताओं को इस वर्ष ही अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा जाएगा। यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोपीय बाजार तक पहुंच आसान करेगा और द्विपक्षीय व्यापार को नई गति देगा।

### प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, भारत-रोमानिया व्यापार समझौता ऊर्जा, इंजीनियरिंग, दवा और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाएगा। दोनों देशों ने निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने और बाजार तक आसान पहुंच के कदमों पर सहमति जताई। बैठक में आपूर्ति श्रृंखला विविधता, मानकों को सरल बनाने और उत्पादन साझेदारी को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने नियमित संवाद और उच्च स्तरीय संपर्कों को बनाए रखने का निर्णय लिया ताकि भविष्य में निवेश और व्यापार को और गति मिल सके। लगभग 30,000 भारतीय पेशेवरों को रोमानिया में काम करने का अवसर मिलेगा।

### उग्रवादी और सेना के बीच मुठभेड़

# मणिपुर में सेना की जवाबी कार्रवाई में 4 उग्रवादी ढेर

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में मंगलवार सुबह सेना और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार उग्रवादी मारे गए। एक अधिकारी ने बताया कि सेना को यूकेएनए के कुछ उग्रवादियों के क्षेत्र में होने की खबर मिली थी, जिसके बाद खानपी गांव के आसपास सुबह 5.30 बजे अभियान शुरू किया गया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। बता दें कि यूकेएनए अब तक केंद्र सरकार, राज्य सरकार और कुकी-जोमी संगठनों के बीच अपने अभियानों को रोकने से जुड़े समझौते में शामिल नहीं है।



मणिपुर में सर्च ऑपरेशन करती हुई भारतीय सेना

### अशांति के कारण पर्यटक घटे

मणिपुर में मेइती और कुकी-जो समुदाय के बीच दो साल से अधिक समय से जारी जातीय हिंसा के बीच राज्य में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। एक बयान के अनुसार 2019-2020 में राज्य में जहां 1.79 लाख पर्यटक आए थे वहीं 2024-2025 में यह संख्या घटकर लगभग 17,000 रह गई है। न केवल मणिपुर में अशांति, बल्कि अत्यधिक हवाई किराया भी राज्य में यात्रियों की संख्या में कमी के लिए जिम्मेदार एक कारक है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार सोमवार को इंफाल पहुंचे और योजनाओं की समीक्षा की।

### भारत-यूएस सैन्य सहयोग समूह की बैठक

# द्विपक्षीय 'रक्षा संबंधों' के साथ संचालन क्षमता करेंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 22वीं बैठक आयोजित की गई है। 3-4 नवंबर को हवाई में सैन्य सहयोग समूह की बैठक के दौरान भारत और अमेरिका ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (एचक्यू आईडीएस) के मुख्यालय ने मंगलवार को बताया कि बैठक की सह-अध्यक्षता भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के डिप्टी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जोशुआ एम रुड ने की।



इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय में दोनों देश के सैन्य अधिकारी मिले




### कोच्चि में नौसेनाप्रमुख की अध्यक्षता में 6 नवंबर को होगा भव्य समारोह

# नौसेना की बढ़ेगी युद्धक क्षमता, कल शामिल होगा 'इक्षक' सर्वेक्षण पोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की पश्चिमी-सीमा पर पाकिस्तान के साथ बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच जल्द ही भारतीय नौसेना की सामरिक क्षमता में और अधिक इजाफा देखने को मिलेगा। मौका होगा गुरुवार (6 नवंबर 2025) को बल के जंगी बेड़े में शामिल होने वाले समुद्री सर्वेक्षण जहाज (लॉर्ज) की श्रेणी से जुड़े हुए तीसरे स्वदेश में निर्मित पोत 'इक्षक' का।

जिसे लेकर नौसेना के कोच्चि अड्डे पर एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा और उसकी अध्यक्षता स्वयं नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी करेंगे। नौसेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इक्षक की मदद से नौसेना की समुद्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने की क्षमता में काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यह पहला पोत होगा जिसे नौसेना की दक्षिण कमांड में उसके जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा।



### 80 फीसदी स्वदेशी तत्व

नौसेना ने बताया कि इक्षक का निर्माण कोलकाता स्थित स्वदेशी शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा किया गया है। जो जहाज निर्माण के क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई काबिलियत का जीता जागता प्रमाण प्रस्तुत करता है। पोत में कुल करीब 80 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। जिसमें शिपयार्ड के साथ ही देश के सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों का भी योगदान है।

### संस्कृत में इक्षक का अर्थ होता है गाइड

इक्षक का संस्कृत भाषा में अर्थ गाइड होता है। जो कि समुद्र में अपने उद्देश्य और उसके साथ जुड़ी हुई सटीकता से शत-प्रतिशत मेल खाता है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह बंदरगाहों, तटों और आवाजाही वाले समुद्री चैनलों पर पूर्ण और गहरे पानी वाले सर्वेक्षण दक्षता के साथ करेगा। पोत की मदद से मिलने वाला डेटा भारत के समुद्री सुरक्षा फ्रेमवर्क के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण रहेगा। इसके अलावा इसकी क्षमता को मजबूत बनाने के लिए इसमें स्टेट ऑफ द आर्ट उपकरण लगाए गए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109